हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 16 दिसंबर, 2024
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

www.sparshbhilai.com

हमें ख्याल हैं आपके परिवार का, इसलिए हम सुनिश्चित करते हैं सुरक्षित एवं बेहतरीन सेवाएँ...

SPARSH MULTISPECIALTY HOSPITAL

एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
राम नगर, सुपेला, भिलाई

नवजात शिशु एवं बाल रोग — महिला-प्रसूति एवं क्रिटिकल केयर की सर्वश्रेष्ठ टीम



डॉ. ए.पी. सावंत
MBBS, DCH, PGDHHM

डॉ. अंकुर परगनिहा
MBBS, DNB, FIAP-ICC

डॉ. आशीष जैन
MBBS, DCH

डॉ. रिचा गुप्ता
MBBS, PGDMCH

डॉ. मोनीदीपा साहा
MBBS, MS (Laparoscopy Surgeon)

डॉ. संजय गोयल
MBBS, MD, Critical Care Specialist

आयुष्मान के अंतर्गत नवजात शिशुओं का ICU में पूर्णत: नि:शुल्क ईलाज

- नवजात शिशु एवं बाल रोग गहन चिकित्सा विशेषज्ञ की 24x7 उपलब्धता
- NICU, PICU की सुविधा
- शिशु एवं बाल रोग शल्य चिकित्सक की उपलब्धता
- नॉर्मल, सिजेरियन एवं हाईरिस्क डिलवरी
- प्रसूति एवं स्त्री रोग से संबंधित सभी प्रकार की लेप्रोस्कोपिक सर्जरी

1,00,000+ बच्चों का सफल इलाज
5,000+ NICU-PICU से स्वस्थ्य हुए बच्चे
6,000+ गर्भवती महिलाओं का विश्वास
4,00,000+ मरीजों का विश्वास


आपातकालीन हेल्पलाइन– 72250 59701
72250 59707, 0788 - 4252222 TOLL FREE NO. 1800 309 1616

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कम्पनी, भारतीय रेलवे, एनएमडीसी, एनटीपीसी, एनएसपीसीएल, बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना-ओड़िसा एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों, कॉरपोरेट संस्थाओं, शासकीय योजनाओं से कैशलेस इलाज हेतु मान्यता प्राप्त

Deepak Advertisers

## खबर संक्षेप

### कबीर सत्संग समारोह 21 से



**पटेवा।** इरईकला में त्रिदिवसीय कबीर सत्संग समारोह का आयोजन कबीर सत्संग समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में आगामी 21 से 23 दिसंबर तक किया गया है। कार्यक्रम में संत प्रेम साहेब बनारस, घनश्याम साहेब मंदरौद, संत अचल साहेब करखड़ी, संत रविकर साहेब आदि शामिल होंगे। तीन दिनों तक प्रवचन एवं भजन सुबह 10.30 से 1 बजे एवं 2.30 से 5 बजे तक होगा। आयोजन समिति के हिरेन्द्र साहू एवं संत ओंकार साहेब ने सत्संग का लाभ लेने की अपील की है।

### आतरगांव मंडई 22 को

**आतरगांव।** ग्राम में आगामी 22 दिसंबर को मंडई रखा गया है। रात में दुर्रेबंजारी का नाच होगा। दूसरे दिन सुबह से कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित किया गया है। स्पर्धा में विजेताओं को क्रमशः 7001, 5001, 3001, 2001 रूपए दिया जाएगा। प्रवेश शुल्क 201 रूपए निर्धारित है। मायावेल समिति के अध्यक्ष योगेश निषाद, सचिव यशवंत यादव, कप्तान जितेंद्र साहू, उपकप्तान यादेश्वर कंवर ने सभी से शामिल होने की अपील किया है।

### गायत्री महायज्ञ में शामिल हुए विधायक



**अंबागढ़ चौकी।** नगर पंचायत क्षेत्र में आयोजित 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा में विधायक भोलाराम साहू परिजनों के साथ शामिल हुए। उन्होंने मंगल कलश यात्रा एवं यज्ञ हवन में भाग लिया।

### कोनिका ने दी भाषा म्यूसियम पर प्रस्तुति

**डोंगरगांव।** भाषा म्यूजियम कार्यक्रम के लिए प्राथमिक शाला चिचदो की शिक्षिका कोनिका सोनी चयन हुआ। उन्होंने कार्यक्रम में शिरकत करते हुए छत्तीसगढ़ में बोली जाने वाली भाषाओं और स्कूल में किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दिया। जानकारी के अनुसार बीते दिनों भाषा उत्सव 2024 के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इस दौरान भाषा उत्सव पर बेहतर कार्य करने पर श्रीमती सोनी का चयन राज्य स्तर में संबोधन के लिए हुआ। गत 14 दिसंबर को भारतीय भाषा उत्सव राज्य स्तरीय प्रस्तुति हेतु विशेष वेबीनार आयोजित हुआ। जिसमे श्रीमती सोनी ने भाषा म्यूज़यिम पर अपनी प्रस्तुति दी।



### कलश राशि होने लगी जमा

**डोंगरगढ़।** मां बम्लेश्वरी ट्रष्ट समितष्द्वारा अगले साल चैत्र नवरात्रि पर्व के दौरान मनोकामना ज्योति स्स्थापना हेतु विशेष व्यवस्था कर आगामी 20 दिसंबर तक राशि लिया जाएगा। कलश स्थापना के इच्छुक श्रद्धालु ज्योति राशि 1100 रूपए कार्यालय में नगद, बैंक ड्राफ्ट, मनीआर्डर के माध्यम से जमा कर सकते हैं। ऊपर एवं नीचे मंदिर में माता के अभिषेक, श्रृंगार हेतु 500 रूपए, विशेष अवसरो पर माता की पूजा के लिए 250 रूपए निधारित किया गया है। यह जानकारी मंत्री महेन्द्र परिहार ने दी।

### ट्रक की ठोकर से पोल क्षतिग्रस्त



**डोंगरगढ़।** चन्द्रगिरि रोड़ पर सरकारी धान से लदे ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बिजली पोल को क्षतिग्रस्त कर दिया। शनिवार रात को 8 बजे घटना होने के बाद कई घरो के बिजली उपकरण खराब हो गई। कई घरों की बिजली गुल हो गई। टीवी, पंखे, मोटर पंप सहित अन्य उपकरण के खराब होने की खबर है। ग्रामीणों ने ट्रक और चालक को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया है। विघुत मंडल के कर्मचारियों ने रात को ही लाईन व्यवस्थित कर आक्रोश शांत किया। घटना के दूसरे दिन न तो ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई किया गया और न ग्रामीणों का बयान दर्ज किया गया।

### सामुदायिक भवन व अतिरिक्त कक्ष लोकार्पित



**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत नया करेला में सामुदायिक भवन और पुराना करेला में प्राथमिक शाला के अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने किया। उन्होंने गुरु घासी दास एवं जैतखाम की पूजा-अर्चना किया। उन्होंने गांव के विकास के लिए एकजुट और बच्चों को पढ़ाने का आव्हान किया। इस दौरान विप्लव साहू, कोमल साहू, कौशिल्या कंवर, श्रवण चक्रधारी, थानसिंग वर्मा, चंद्रेश लिल्हारे, सनीबाई कोसरे, खेदियाबाई, रूपबाई, गोमतीबाई, रामशिया, दुर्गेश सिन्हा, भोलाराम, अनिल साहू, जगन सेन, धनु यदु आदि मौजूद थे।

### प्रसाद योजना के काम अधूरे



**डोंगरगढ़।** केन्द्र सरकार की प्रसाद योजना के तहत लगभग 8 करोड़ के स्वीकृत कार्य ठेकेदार की मनमानी के चलते अधूरे है। ट्रस्ट समिति द्वारा अधिकारी एवं ठेकेदार से बोलने के बाद काम को पूरा नहीं किया जा रहा है। वर्तमान में प्रसाद योजना के तहत दर्शनार्थियों एवं पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखकर लगभग 44 करोड़ और स्वीकृत हुए हैं जबकि पिछले 8 साल से श्रीयंत्र का कार्य अधूरा है। साधना केन्द्र का कार्य भी अब तक अपूर्ण है। अधिकारी कार्य को गति देने का प्रयास करने के बजाये ठेकेदार के हाथ की कठपुतली बने बैठे है। जानकारी के अनुसार उपर मंदिर पहाड़ी में शेड, पगोड़ा, बायोटायलेट, सौर उर्जा, सीढ़ियों में पत्थर लगाने के कार्य स्वीकृत हुए है जिसे दिखावे के लिए चालू किया गया है। पूरे काम को शुरू कर अधूरा छोड़ दिया गया है।

### महाविद्यालय में योग शिविर आयोजित



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय के योग विभाग ने बीते मंगलवार को प्राचार्य डॉ. ईवी रेवती, महिला प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. आशा चौधरी, योग शिक्षिका मंजू धनकर के मागदर्शन एवं सहज ध्यान केन्द्र के तत्वावधान में एक दिवसीय सहज योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सहज ध्यान केन्द्र की संचालिका राधा गुप्ता एवं टीम ने सहज योग, ध्यान पद्धति के बारे में जानकारी दी। शिविर में योग, ध्यान, धारणा के लाभ बताए गए। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. आरआर कोचे, डॉ सपना परिहार, अंजली देवांगन सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## पालिका की व्यवस्था से नागरिक हलाकान

# लाखों खर्च के बाद भी लोग प्यासे

## गड़बड़ियों पर भी नहीं लग रहा अंकुश

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर में बीते छह महीने से पानी की किल्लत बनी हुई है। पेयजल पर लाखों रूपये खर्च करने के बाद भी व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। कई वार्डो में पानी सप्लाई बंद है, जिसके कारण लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। वहीं टैंकरों की मरम्मत, डीजल एवं अन्य में बड़ी रकम खर्च करने के बाद भी पालिका समस्या का निदान नहीं कर पा रही है।

जानकारी के अनुसार पिछले 3 दिनों से पालिका कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने के बाद से शहर के सभी 24 वार्डो की स्ट्रीट लाइट बंद है। सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। नाली की सड़न एवं बदबू से लोग परेशान हो रहे हैं। पहले कुछ वार्ड में पेयजल के साथ निस्तार की समस्या बनी हुई थी जो अब पूरे शहर में खड़ी हो गई है। जलसंकट गहराने के बाद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने मोर्चा संभालकर पानी की समस्या हल किया।

### नहीं टूट रही हड़ताल

पालिका कर्मचारियों की हड़ताल से जनता को परेशानी होने के बाद भी प्रशासन हड़ताल समाप्त कराने में फेल नजर आ रहा है। वहीं दूसरी ओर भाजपा के पार्षद अधिकारियों कर्मचारियों पर विकास की अनेदखी का आरोप लगाकर धरना देने मशगूल है। इसी प्रकार निकाय चुनाव को देखते हुए कांग्रेस विभिन्न मसलों को लेकर राज्य सरकार को घेरने में लगी है।




### बिना मांग के निर्माण

कालकापारा के आसपास वार्डो में नियम दरकिनार कर सीसी रोड़ स्वीकृत कर दिया है। वहीं आनन-फानन में 15 से 20 लाख की लागत वाली दो सड़कों बिना नाली बनाए स्वीकृत किया गया है, जिसे लेकर वार्डवासियों के विरोध को देखते हुए वर्कआर्डर जारी होने के बाद काम करने में ठेकेदार के हाथ पैर फूल रहे हैं। वहीं पार्षद और पालिका अधिकारी इस कार्य करने ठेकेदार पर दबाव बना रहे हैं। कहा जा रहा है कि सड़क बना भी दिया जाता है तो निकासी नहीं होने के कारण सड़क खराब हो जाएगी।

### अखाड़ा बनी पालिका

राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद से आपसी विवाद, निर्माण कार्य में गड़बड़ी की शिकायत बढ़ी है। एक साल की अवधि में भाजपा ने पालिका अध्यक्ष के खिलाफ अविषवास प्रस्ताव लाया किन्तु पारित करने में वह फेल हो गई। वहीं हाल ही में दो सीएमओ, लेखापाल एवं इंजीनियर के सस्पेंड होने के बाद पुराने स्वीकृत कार्यो को शुरू करने में अधिकारी डर रहे है। बताया जा रहा है कि फरवरी-मार्च में टेण्डर प्रक्रिया पूरी होने के बाद टेंडर निरस्त कर दिया गया है। इसी प्रकार वर्तमान में 3 करोड़ के कार्य का टेंडर भी निरस्त कर दिया गया है। बताया जाता है कि गुटबाजी में उलझी भाजपा ठेकेदारों को फायदा दिलाने के लिए दबाव बना रही है। इस मामले को लेकर भाजपा- कांग्रेस की लड़ाई चरम पर है।

## नहीं सुधर रही परिवहन व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

उपार्जन केन्द्रों से धान का परिवहन नहीं होने एवं जाम की स्थिति ने किसानों को चिंता में डाल दिया है। जाम के कारण धान खरीदी पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। किसानों ने जैसे तैसे टोकन हासिल तो कर लिया है किन्तु निर्धारित तिथि को धान खरीदी अवरूद्ध हुई तो किसानों की समस्या बढ़ जाएगी। प्रशासन के लगातार प्रयास के बाद भी परिवहन संकट समाधान नहीं कर पा रहा है और केन्द्रों में धान का स्टाक बढ़ते जा रहा है। समितियों से मिली जानकारी के अनुसार परिवहन की समस्या हर साल बनती है जिसके चलते धान की सूखत तथा चूहा, दीमक से हुए नुकसान की मार समिति को झेलना पड़ता है। संग्रहण केन्द्र के लिए डीओ जारी होने के बाद भी धान का उठाव नहीं हो पा रहा है। कुछ केन्द्र ऐसे हैं जहां धान का उठाव संतोषजनक है पर अन्य केन्द्रों में धान का उठाव सुस्त है। इधर तीन सूत्रीय मांग को लेकर आपरेटरों की हड़ताल चौथे दिन भी जारी रही जिससे डाटा एंट्री की समस्या बढ़ गई है।



### कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ जिला शाखा के पदाधिकारियों ने अपर कलेक्टर तथा सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को गत दिनों ज्ञापन सौंपा। संघ लंबे समय से दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने की मांग करते आ रहा है। इसी प्रकार आदिवासी विकास विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी का युक्तयुक्तिकरण करते हुए नियमित करने की मांग लंबित है। संघ के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर, अपर कलेक्टर एवं सहायक आयुक्त से पूर्व में मुलाकात किया था। शासन के परिपत्र उन्होंने नियमितीकरण के लिए जिला स्तरीय छानबीन समिति गठित करने का अनुरोध किया था। प्रशासन ने दो माह पूर्व समिति का गठन तो कर दिया है किन्तु अब तक एक भी बैठक नहीं हुई है। पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपकर कमेटी की बैठक आहुत करने का आग्रह किया है। अधिकारियों ने एक सप्ताह के अंदर बैठक रखने का आश्वासन दिया है। इस दौरान योगेश चौरे, हरीशचंद्र यादव, सुरेंद्र, शिवकुमार वैष्णव, गंगासागर, नाहिद, यशोदा, अमेरिका, पुरन वर्मा, संगीता, श्यामु, अकबर आदि उपस्थित थे।

# गजब : जमीन किसी की आवास मंजूर किसी और का

## प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति में खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबो के सपने को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा हैं किन्तु मंजूरी देने में जिस तरह बंदरबाट मचा है उससे आने वाले समय में मारपीट और खून खराबा जैसी घटनाएं हो सकती है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रकरण स्वीकृत करने में जनपद का अमला निर्धारित मापदंड की धज्जिया उडाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा हैं। बंदरबांट की स्थिति यह है कि मंजूरी देने के पहले जमीन के दस्तावेज भी नहीं देखा जा रहा है और ऐसे प्रकरण भी स्वीकृत कर दिए जा रहे है जिसमें हितग्राही के पास जमीन तक है। वही सरकारी जमीन पर काबिज लोग जिनके पास पट्टा नहीं हैं में भी आवास निर्माण की मंजूरी दे दी जा रही है जिससे अतिक्रमण को बढ़ावा मिल रहा है।

### बिना दस्तावेज के मंजूरी

हाल ही ब्लाक के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत आरी में एक बड़ा दिलचस्प मामला प्रकाश में आया है। यहां एक महिला को आवास निर्माण की मंजूरी देते हुए उसके बैंक एकाउन्ट में पहली किस्त की राशि जमा भी कर दिया गया। बाद में इस बात का खुलासा हुआ कि जिसे आवास निर्माण की मंजूरी दी गई हैं उसके पास अपनी जमीन ही नहीं हैं और न ही हितग्राही ने जमीन का दस्तावेज प्रस्तुत किया था। कुछ अन्य गांव में भी अन्य की जमीन पर आवास बनाने की मंजूरी की बात सामने आ रही है। कुछ गांव में तो सरकारी अतिक्रमित जमीन का पट्टा नहीं होने पर भी आवास मंजूर कर दिया गया है।

### ऐसे दे रहे स्वीकृति

जानकारी के अनुसार आवास स्वीकृत करने के पहले हितग्राहियो का जमीन संबंधी दस्तावेज चेक नहीं किया जा रहा हैं। पंचायत के रोजगार सहायकों द्वारा आँख बंद कर जिओ टैग कर प्रकरण स्वीकृति के भेज दिया जा रहा है जिसे जनपद का अमला भी आंख बंद कर स्वीकृत कर रहा है जबकि नगर पंचायत क्षेत्र में हितग्राहियो से पट्टा या रजिस्ट्री के दस्तावेज लिया जा रहा है।

### मामला विस में

आवास मंजूर करने में लापरवाही के मामले लगातार सामने आने के बाद परेशान लोगों ने इस संबंध में कुछ विधायकों से संपर्क कर मामले को विधानसभा के शीतकालीन सत्र में उठाने के लिए दस्तावेज सौंपा है।

### शिक्षक ने दिया छात्रों को स्पोर्ट ड्रेस



**मोहला।** पूर्व माध्यमिक शाला छछनपाहरी के शिक्षक राहुलदेव रामटेके ने विद्यालय के छात्रों को दस जोड़ी स्पोर्ट ड्रेस प्रदान किया है। छात्र अब तक स्कूल गणवेश पहन कर खेला करते थे। आगामी 20-21 दिसम्बर को संकुल स्तरीय खेल होना है जिसे देखते हुए छात्रों की मांग थी कि उन्हे जर्सी दिया जाए। छात्रों की मांगो को ध्यान में रखकर शिक्षक ने दस जोड़ी जर्सी प्रदान किया।


**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082


# सेवा का बेहतर विकल्प है स्काऊट-गाइड : शर्मा



- पांच दिवसीय एडवेंचर शिविर आरंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर में आयोजित स्काऊट गाइड फेलोशिप के पांच दिवसीय राष्ट्रीय एडवेंचर शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने किया। इस अवसर पर साउथ कोरिया से आए वर्किंग प्रेसिडेंट एमए मिकी, बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, एसडीएम मनोज मरकाम, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, फेलोशिप के प्रदेश कोषाध्यक्ष रमेश जैन, डॉ पन्नालाल बाफना मौजूद थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने कहा कि यह लेने वाली नहीं बल्कि देने वाली संस्था है। स्काउट गाइड में 25 वर्ष तक आयु के युवा सदस्य बन सकते हैं। यह समाज सेवा का अच्छा माध्यम है। राष्ट्रीय वर्किंग प्रेसिडेंट एम मिकी ने संस्था की बारीकियां बताते हुए कहा कि इस संस्था के बैनर तले समाज सेवा के क्षेत्र में सभी मिलजुल कर काम कर रहे हैं। यह संस्था समाज सेवा करती है।

### 17 राज्यों के सदस्य शामिल

राष्ट्रीय सचिव देवेंद्र साखरे ने बताया कि देश के 17 राज्यों से स्काउट गाइड फेलोशिप के सदस्य यहां एकत्र हुए हैं जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, दक्षिण पूर्व रेलवे, केरल, कर्नाटक, दमन दीप, गुजरात, राजस्थान, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, सदन रेलवे, मध्यप्रदेश, दिल्ली, वेस्ट बंगाल, वेस्टर्न रेलवे, उत्तर प्रदेश, डीएनएच के प्रतिनिधि शामिल हैं। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि यह आयोजन यहां होना गौरव की बात है क्योंकि इस कार्यक्रम में 17 राज्यों से प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व स्टेशन मास्टर विश्वनाथ यादव, गोविंद चोपड़ा, अजयसिंह ठाकुर, जसबीर बन्नोआना, अजय बिंदल, शंकर वर्मा, धीरज मेश्राम, गणेश नरेड़ी थे। शिविर में दिल्ली उप प्रमुख मधु कालिया, गोपाल खेमुका, सीमा राठी, देवेंद्र साखरे, संजय सरजारे उपस्थित थे। संचालन सीमा राठी एवं आभार प्रदर्शन स्काउट गाइड के स्टेट कमिश्नर गोपाल खेमुका ने किया।

# बिजली बकायेदारों से 15 लाख वसूल



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

विद्युत वितरण कंपनी ने बकाया राशि के लिए अभियान चलाकर 411 बकायेदारों से 15 लाख 52 हजार वसूल किया। वहीं राशि का भुगतान नहीं करने पर 131 का बिजली कनेक्शन विच्छेद किया।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने बकाया राशि की वसूली के लिए वृहद अभियान शुरू किया है। बीते दिनों अभियान के तहत कुमरदा, गैंदाटोला, खुज्जी, डोंगरगांव शहर एवं ग्रामीण वितरण केन्द्रों के 131 बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेद किए गए। वहीं 411 बकायादार उपभोक्ताओं से 15 लाख 52 हजार वसूल किया गया।

संभाग के कार्यपालन अभियंता पीसी साहू ने बताया कि वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अभियंता स्तर के अधिकारियों की गठित टीमों ने 131 उपभोक्ता जिन पर 5 लाख 77 हजार बकाया था, के विद्युत कनेक्शन भुगतान नहीं करने पर काट दिए गए। इस अभियान के दौरान मीटर रीडिंग के लिए अनुबंधित मीटर रीडरों के द्वारा संपादित किए जा मीटर वाचन के कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार, 16 दिसंबर 2024



# सोशल मीडिया में फेक प्रोफाइल बनाकर युवती से लाखों की ठगी, दिल्ली से नाईजीरियन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शादी डाट काम पर फेक प्रोफाईल बनाकर एक युवती से आरोपी ने 15,72,000 रुपए की ऑनलाइन ठगी कर ली। इस मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने दिल्ली से सायबर ठगी नाईजीरियन को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। एक महिला आरोपी की तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 29 जुलाई को प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात आरोपी द्वारा शादी डाट काम की प्रोफाईल आईडी आलोक देशपांडे के नाम से प्रार्थिया से विवाह के संबंध में बात कर स्वयं को युनाईटेड किंगडम में कार्यरत होना, भारत वापस लौटकर प्रार्थिया से शादी कर

▶▶ शेष पेज 16 पर



## टूरिस्ट वीजा पर आया था

आरोपी जॉनसन सेमुअल सितंबर 2018 को टूरिस्ट वीजा पर भारत आया था। जिसके वीजा तिथि 2022 को ही समाप्त होने के बावजूद दिल्ली में अनाधिकृत रूप से रह रहा था। जिसकी सूचना पत्र के माध्यम से घाना गणराज्य के दूतावास कार्यालय में दी गई है।

## लैपटॉप-मोबाइल जब्त

गवाहों के समक्ष धारा-23(2) भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत मेमोरंडम कथन लिया गया, जिन्होंने अपने कथन में अपराध घटित करते ठगी में उपयोग किए गए 1 नग लैपटाप एवं 4 नग मोबाइल पेश किया, जिसे जब्त किया गया एवं आरोपी द्वारा दिल्ली में रहकर अपने एक अन्य भारतीय महिला सहयोगी द्वारा ठगी करना बताया, जो उक्त आरोपी को ठगी करने हेतु कई फर्जी बैंक खाता तथा सिम उपलब्ध कराती थी, उसके एवज में 50 प्रतिशत कमीशन लेती थी। साथ ही ठगी का पैसा खातों में आने पर एटीएम से निकासी कर प्रदाय करती थी। आरोपियों द्वारा कम्प्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों का उपयोग कर स्वयं की पहचान छिपाकर किसी अन्य के नाम से प्रतिरुपित कर धोखाधड़ी किए जाने से प्रकरण में धारा 3(5) भारतीय न्याय संहिता एवं 66 डीआईटी एक्ट जोड़ी गई है। आरोपी जॉनसन सेमुअल 40 साल निवासी जी-81 संत नगर एक्सटेंशन शहपुरा थाना तिलक नगर नई दिल्ली स्थायी पता नाईजीरिया को 11 दिसंबर को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

# ट्रक की चपेट में आकर घायल होने वाले युवक की भी मृत्यु

**मोहला।** जिले में लगातार सड़क हादसे में हो रही युवकों की मौतों के ग्राफ के बीच 9 दिसंबर को दोपहर अंबागढ़ चौकी कॉलेज से आगे चिल्हाटी मुख्य सड़क पर हुए सड़क हादसे में मोटर साइकिल सवार में एक की मौत घटनास्थल पर हो गई थी। गंभीर स्थिति में 6 दिनों से जिंदगी और मौत से लड़ रहे नगर के सिद्दीकी परिवार से ताल्लुक रखने वाले 24 वर्षीय युवक की रायपुर एम्स में शनिवार देर शाम मौत हो गई है।




मिली जानकारी के अनुसार हादसा 9 दिसंबर दोपहर 1 बजे गणेश टेकरी चौकी चिल्हाटी मुख्य मार्ग में हुआ। मोटर साइकिल क्रमांक सीजी-10-एडब्ल्यू 3397 मोटर साइकिल में केशव ताम्रकार पिता हेमंत ताम्रकार 20 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 8, आयज सिद्दीकी पिता कलाम सिद्दीकी 24 वर्ष निवासी अंबागढ़ चौकी वार्ड नंबर 3 ट्रक मोटर साइकिल में सवार होकर अंबागढ़ चौकी नगर की ओर आ रहे थे। विपरीत दिशा से 10 चक्का ट्रक एमएच-40-एके-2913 से जा भिड़े। मोटर साइकिल दोनों युवकों में केशव का हादसे के दौरान ही मौत हो गई। वहीं आयद सिद्दीकी घटना के 6 दिनों से जिंदगी और मौत से लड़ते 14 दिसंबर को देर शाम मौत हो गई है।













## खबर संक्षेप

### जयंती कार्यक्रम 18 को

**सोमनी।** ग्राम सोमनी में आगामी 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती मनाया जाएगा। इस अवसर पर विविध आयोजन होंगे। सतनामी समाज के अध्यक्ष तामेश्वर बंजारे एवं सचिव अश्वनी बंजारे ने बताया कि जयंती के मौके पर गांव में 12 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। शाम चार बजे जयस्तंभ पूजा एवं ध्वजारोहण होगा। शाम छह बजे से मिनीमाता प्रांगण पर प्रसाद वितरण किया जाएगा। अतिथियों का स्वागत और उदबोधन होगा। रात में नौ बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम कारी बदरिया टीम के कलाकारों की प्रस्तुति होगी। समाज के पदाधिकारियों ने लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है।

### कर्मचारियों को चुनाव प्रशिक्षण



**डोंगरगांव।** निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की घोषणा होने के पहले ही प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दिया है। इसी क्रम में पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय में मतदान दलों का 14 और 15 दिसंबर को प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में 1025 कर्मचारी शामिल हुए। प्रशिक्षण में एडीएम सीएल मार्कण्डेय, एसडीएम श्रीकांत कोर्राम, तहसीलदार पीएल नाग, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवाससिंह बघेल, डीएमसी सतीश व्यौहारे, सहायक संचालक आदित्य खरे, बीईओ आरएल पात्रे, एबीईओ जयंत साहू एवं प्राचार्य भरतलाल देवांगन शामिल हुए। मास्टर ट्रेनर गजेंद्र हरिहरनो, शत्रुघन तिवारी, शैलेन्द्र यदु, असीम यदु, पुनाराम यादव, रेवती रमन साहू, दानीराम वर्मा, शेष नारायण शांडिल्य, नोहर साहू, गुमान साहू, पोषण साहू, मिथलेश साहू, देव पटेल, नूतन चंद्राकर ने अधिकारियों- कर्मचारियों को चुनाव की बारीकियों से अवगत कराया।

### हड़ताल से पेयजल सप्लाई ठप



**डोंगरगढ़।** पालिका कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से शहर में पेयजल सप्लाई ठप्प हो गई है। कलेक्टर ने पेयजल व्यवस्था बहाल करने के लिए पीएचई को निर्देशित किया था। विभाग के एसडीओ जीके साहू ने दल बल के साथ फिल्टर हाउस पहुंचकर फिल्टर प्लांट को चालू कर नगरवासियों पेयजल मुहैया कराया।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**डोंगरगढ़।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशन एवं प्रधान जिला न्यायाधीश सुषमा सावंत के मार्गदर्शन में डोंगरगढ़ में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में न्यायालय, राजस्व न्यायालय एवं प्री-लिटिगेशन के 2921 प्रकरणों को निराकरण के लिए चिन्हित किया गया। लोक अदालत के लिए कुल 10 खंडपीठों का गठन किया गया था। लोक अदालत में 1461 मामलों में 5443320 रूपए का निपटान किया गया। नेशनल लोक अदालत में आपराधिक राजीनामा योग्य मामले, मोटर वाहन दुर्घटना दावा, धारा 138 एनआई एक्ट, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद, बैंक ऋण वसूली, विद्युत बिल एवं टेलीफोन बिल, भूमि अधिग्रहण आदि की सुनवाई की गई।

### जैविक खेती के लिए किसानों को किया प्रोत्साहित



**खैरागढ़।** जैविक खेती को बढ़ावा देने और रसायनिक खाद व उर्वरक के उपयोग से बचने शिवशक्ति एग्रीटेक लिमिटेड कंपनी ने छुईखदान ब्लाक के पलांदूर में किसान सम्मेलन का आयोजन कर जैविक खेती से संबंधित शंकाओं का समाधान किया। कंपनी के सहायक कृषि सेवा अधिकारी बीपी यादव ने कहा कि रसायनिक खाद और दवाइयां खेतों में डालने से जमीन की उर्वरा शक्ति नष्ट होती जा रही है। बेहतर उत्पादन की आस मे इसके ज्यादातर प्रयोग और उत्पादित अनाज के प्रयोग से मानव शरीर मे विभिन्न बीमारियां घर कर रही है। उन्होंने सम्मेलन में मौजूद किसानों से खेतों में कंपनी के जैविक उत्पादो का ज्यादा मात्रा में प्रयोग करें, ताकि पर्यावरण संरक्षित करके अधिक लाभ कमा सके। बीपी यादव ने बताया कि रसायनिक खाद और दवाइयां डालने से जमीन में पाए जाने वाले लाभदायक जीवाणु नष्ट हो रहे हैं जो फसल उत्पादन पर घातक असर डालता है। सम्मेलन मे कंपनी के शाखा प्रबंधक संतोष गुप्ता और राजेश छीपेकर ने जैविक खेती को लेकर किसानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जैविक प्रोडक्ट डालने से जमीन की उर्वरा शक्ति में सुधार होता है और अच्छी पैदावार होती है। इस दौरान सरपंच लखन वर्मा, मूलचंद वर्मा, उत्तम देवांगन, हेमंत पटेल, भरत साहू सहित बड़ी संख्या मे किसान उपस्थित थे।

---

वर्चुअल कान्फ्रेंसिंग और भौतिक के माध्यम से प्रकरणों का निपटारा

# नेशनल लोक अदालत में 7000 से अधिक प्रकरणों का किया निपटारा

## लोक अदालत में पक्षकार हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

तालुक विधिक सेवा समिति द्वारा आयोजित नेशनल लोक अदालत में वर्चुअल कॉन्फ्रेंसिंग और भौतिक माध्यम से प्रकरणों का निपटारा कर पक्षकारों को लाभान्वित किया गया।

छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के तत्वावधान में आयोजित लोक अदालत में प्रकरण से संबंधित पक्षकारों को भौतिक रूप के अलावा वर्चुअल कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मामले में सुलह की सुविधा प्रदान की गई थी।

लोक अदालत का शुभारंभ पक्षकारों की मौजूदगी मे राष्ट्रपिता और डॉ अंबेडकर के तैल चित्र पर डीजे चन्द्र कुमार कश्यप, सीजेएम विवेक गर्ग, जेएमएफसी गुरु प्रसाद देवांगन, संपूर्ण कोर्ट स्टाफ सहित पीएलवी गोलूदास साहू, कला प्रजापति, छविराज सहित अधिवक्ताओं ने माल्यार्पण कर किया।




### एक करोड़ से ऊपर अवार्ड पारित

जेएमएफसी गुरुप्रसाद देवांगन के न्यायालय में ट्रैफिक चालान के 119 मामलों में 11 हजार 900 रूपए, कैसेस ऑफ यू/एस 321, 258 सीआरपीसी एंड ऑल अदर पेटी ऑफेंस ईटीसी बाय स्पेशल सीटिंग मजिस्ट्रेट के 6 प्रकरणों में 5 हजार रूपए अवार्ड राशि पास हुआ वही 9 क्रिमिनल कंपाउंडेबल केसेस में भी राजी खुशी से समझौता हुआ साथ ही राजस्व न्यायलों में 6507 प्रकरण भी निराकृत हुए। राजीनामा को लेकर तालुक विधिक सेवा समिति द्वारा प्री सिटिंग की व्यवस्था की गई थी जहां लोगों को आपसी सुलह से राजीनामा करने के लिए प्रेरित किया गया। नेशनल लोक अदालत में कुल 7327 केसों का निपटारा हुआ जिसमें कुल अवार्ड 1 करोड़ 34 लाख 19 हजार 7 सौ 77 रूपए पारित हुआ। इस दौरान कोर्ट स्टाफ सहित सुलहकर्ता अधिवक्ता, गिरिराज सिंह ठाकुर, विक्रम यद्यु, योगेश चंदेल, अमरलाल यादव, भुवनेश्वर वर्मा, मनराखन देवांगन, कौशल कोसरे, ज्ञानदास बंजारे, कमलेश मारकंडेय, शत्रुघ्न वर्मा, महेश साहू, सुरेश सिंह ठाकुर, सर्वेश ओसवाल, शत्रुघ्न वर्मा, शक्तिराज सिंह, सत्यकला वर्मा, मनोज चौबे सहित अन्य मौजूद थे।

### सहमति से निपटारा

डीजे चन्द्र कुमार कश्यप के न्यायालय में 23 प्रकरणों मे पक्षकारों से सहमति उपरांत मामले का निपटारा कर उन्हें लाभान्वित किया गया इनमें 18 दावा प्रकरणों में कुल अवार्ड राशि 1 करोड़ 33 हजार 103 रू., अदर सिविल के चार केसेस 21 लाख 44 हजार 747 रू और 138 चेक बाउंस के एक मामले में 21000 रु जारी हुआ। वही प्री लिटिगेशन नगर पालिका खैरागढ़ के 12 मामले में 99 हजार 444 रुपए, बैंक रिकवरी के दो केस में 53 हजार 708 अवार्ड पारित हुआ। इसी प्रकार सीजेएम विवेक गर्ग के कोर्ट में ट्रैफिक चालान में 557 मामलों में 55 हजार 700 रूपए, कैसेस ऑफ यू/एस 321, 258 सीआरपीसी एंड ऑल अदर पेटी ऑफेंस ईटीसी बाय स्पेशल सीटिंग मजिस्ट्रेट के 76 प्रकरणों में 41 हजार रूपए,138 चेक बाउंस के एक मामले में 2 लाख 50 हजार रू अवार्ड राशि पास हुआ जबकि 15 आपराधिक मामलों में भी समझौता हुआ।

---

# कुलदेवी माता लक्ष्मी का वरदान दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

स्थानीय अग्रवाल सभा एवं छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा मंच के तत्वावधान में शनिवार को अग्रसेन भवन में कुलदेवी माता लक्ष्मी का वरदान दिवस मनाया गया। इस दौरान मां महालक्ष्मी की प्रतिमा का लोकार्पण कर पूजा अर्चना किया गया। पदाधिकारियों एवं समाजिक जनों ने कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराया। भाटापारा के संदीप गोयल द्वारा प्रदत माता लक्ष्मी की प्रतिमा का अनावरण किया गया।

सर्वप्रथम पं. त्रिलोक दुबे ने अग्रवाल समाज के संस्थापक महराजा अग्रसेन व लक्ष्मी की पूजा कराया। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष लक्ष्मीनरायण अग्रवाल, व्यवस्थापक सिद्धगोपाल नरेडी, मंदिर समिति अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, गौशाला कमेटी अध्यक्ष बिरेन्द्र अग्रवाल, मनमोहन अग्रवाल, महेन्द्र अग्रवाल, मुकेश भूत, राजेश अग्रवाल, कन्हैया अग्रवाल, गणेश नरेडी, पूनम बिंदल, मधूसूधन नरेडी, रिंकू बंसल, कमल अग्रवाल, प्रकाश मंगीलाल अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, रितेश पचेरी, काजू अग्रवाल, कैलाश गोयल, नीतिन पचेरी, चिंटू नरेडी, नवदीप अग्रवाल, सोनू नरेडी, विवेक सोनू नरेडी, आनंद केडी, अनिल अग्रवाल, द्वारका प्रसाद भूत, चेतन अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, प्रकाश नरेडी सहित अन्य उपस्थित थे।

---

# विष्णुदेव की सरकार का एक साल बेमिसाल

- मोदी की गारंटी को सरकार बीते एक साल में किया पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के एक वर्ष के कार्यकाल को बेमिसाल बताया है। उन्होंने कहा कि सभी वादों को पूरा करते हुए हुई मोदी की गारंटी को साकार बीते एक वर्ष में किया गसर। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री ने पदग्रहण करते ही गरीबों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किया। 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना से जोड़कर 6530 करोड़ मुहैया कराया। वही 13 लाख किसानों को बोनस का बकाया 3716 करोड़ का भुगतान किया। सरकार ने किसानों के धान को प्रति एकड़ 21 क्विंटल के



हिसाब 31 सौ की दर से खरीदना शुरू किया। बीते एक वर्ष में रामलल्ला दर्शन योजना, तेंदुपत्ता संग्रहण परिश्रमिक दर में वृद्धि, नक्सली उन्मूलन अभियान, जन जीवन गुलजार योजना, मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना, दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन क़ृषि मजदूर योजना, जल जीवन योजना, कन्या विवाह योजना आदि शुरू किया गया।

### जिले में हुए कई काम

उन्होंने बताया कि जिले में भी बीते एक वर्ष विकास के अनेक कार्य हुए हैं। जिले की लगभग 1.70 लाख महिलाओं के खाते में 98724950 रूपए जमा किया गया। पीएम आवास के तहत 10282 लोगों को आवास प्रदान किया गया। पीएम जनमन से लगभग 850 आवासो की स्वीकृति दिया गया। जिले के 180 श्रद्धालुओं ने रामलला दर्शन यात्रा किए। लगभग 608 स्व सहायता समूहों को 60 हजार प्रति समूह के हिसाब से साढ़े तीन करोड़ से ज्यादा रूपए जारी किया गया। समर्थ अभियान के माध्यम से 218 स्थानों पर साइबर जागरूकता का ऐतिहासिक रिकार्ड बनाया गया। किसानों के 564 सिंचाई पम्प का विद्युतिकरण किया गया। आदिवासी क्षेत्र मे 3600 आयुष्मान कार्ड बनाया गया है।

---

# मुक्तिधाम में गंदगी, इसके बीच होती है जीवन की अंतिम यात्रा : मनराखन

- लोगों को करना पड़ रहा परेशानियों का सामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर के वीआईपी वार्ड राजफेमली लालपुर में अंतिम संस्कार के लिए निर्मित मुक्तिधाम नगर पालिका के देखरेख में अभाव के चलते गंदगी से पट गया है और हालत यह है कि अंतिम संसकार के दौरान लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नगर पालिका प्रशासन की अनदेखी के चलते मुक्तिधाम का पूरा परसिर झाड़ियों से घिरकर गंदगी से पट गया हैं। ऐसे में अंतिम संस्कार करने आने वालों को तीव्र दुर्गध से सामना करना पड़ता है। बरामदा है पर गंदगी के कारण वहीं कोई नहीं जाता है। व्याप्त गंदगी व



लचर सफाई व्यवस्था की वार्डवासियों की लगातार शिकायत बाद कांग्रेस विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन की नेतृत्व मे कांग्रेसी प्रतिनिधि मंडल ने मुक्तिधाम का औचक निरीक्षण किया जहां पूरे मुक्तिधाम को घूमने बाद नगर पालिका के स्वच्छता निरीक्षक टोडर सिंह को मौके पर बुलाकर लचर सफाई व्यवस्था पर जमकर फटकार लगाते हुए और सफाई सहित कटीले झाड़ियों को तत्काल काटने कहा गया। बरामदा, कुर्सियों और प्रतीक्षालय की हालत बद से बदतर हो गई है और सब कुछ जानने समझने के बाद नपा सुध नही ले रहा है। विधायक प्रतिनिधि श्री देवांगन ने कहा कि पहले निर्मल त्रिवेणी अभियान के साथी श्रमदान कर सफाई करते थे तब तक सफाई व्यवस्था बढ़िया था, लेकिन नपा साफ-सफाई को लेकर गंभीर नही है। नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन ने कहा की नगर मे सड़क, नाली की सफाई नहीं हो रही है जगह-जगह कचरे का ढेर लगा हुआ है यही हाल मुक्तिधाम का है। मूल आवश्यकताओं की अनदेखी कर नगर पालिका भ्रष्टाचार में व्यस्त है। इस दौरान डॉ अरुण भारद्वाज, पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, रविंद्र सिंह गहरवार, महेश यादव सहित अन्य कांग्रेसी शामिल थे। वही कांग्रेस की फटकार बाद स्वच्छता निरीक्षक टोडर सिंह ने कहा कि हड़ताल से वापसी होते ही प्राथमिकता में मुक्तिधाम की साफ सफाई होगी।

### बूथ समिति का गठन

**जेवरतला रोड।** मुजगहन में बूथ समिति का गठन किया गया। दयालु भेड़िया को अध्यक्ष बनाया गया है। मंत्री बिहारी साहू, लाभार्थी नोहर साहू, मन की बात प्रमुख चुरामन हिरवानी, वाटसाप ग्रुप प्रभारी मिथिलेस साहू, बीएलओ 2 दुरैन्द्र हिरवानी, गोरे साहू, गोरे साहू एवं सदस्य योगेश्वर सिवना, नेमचंद, हमीर, योगिता, गरिमा, रेवती, रूपा साहू, भुषण सिन्हा, नीराबाई है।

### संगीत विवि में भारतीय भाषा उत्सव पर व्याख्यान



**खैरागढ़।** इंदिरा कला संगीत विवि के कला संकाय में आयोजित भारतीय भाषा उत्सव में विद्यार्थियों ने विभिन्न भारतीय भाषाओं में कविता पाठ किया। छात्र समीर चंद्र, जयंत सिन्हा व सारिणी वर्मा ने छत्तीसगढ़ी, आयुष जैन ने बुंदेलखंडी, कांशीराम ने मराठी, शोधार्थी चांद शेख व सुष्मिता चौधरी ने बांग्ला में कविता पाठ किया। कला संकाय की अधिष्ठाता प्रो डॉ मृदुला शुक्ल ने सभी विद्यार्थियों को काव्य पाठ के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही कला संकाय की प्राध्यापक डॉ पूर्णिमा केलकर व डॉ कौस्तुभ रंजन ने भाषिक विविधता और एकता पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। कार्यक्रम संयोजन छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ देवमाईत मिंज ने किया।

# हड़ताल से चरमराने लगी नपं की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

प्लेसमेंट कर्मचारियों के हड़ताल में चले जाने से नगर पंचायत की अधिकांश व्यवस्था चरमराने लगी है। व्यवस्थाओं को सुचारू रखने निकाय द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था करने का प्रयास किया जा रहा है परंतु बिजली पानी आदि में साफ प्रभाव दिख रहा है। नगर के फुटकर सब्जी पसरा में कुछ दिनों से सफाई नहीं होने से ग्राहकों को धूल, गंदगी का सामना करना पड़ रहा है हालांकि सब्जी व्यवसायी अपनी दुकानों के सामने सफाई करते नजर आने लगे है। प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल लंबी चलती है तो नगर में अव्यवस्था फैल सकती है। जानकारी अनुसार संघ के आव्हान पर नगर पंचायत गंडई के प्लेसमेंट कर्मचारी ठेका प्रथा बंद करने और श्रम सम्मान राशि प्रदान करने की मांग को लेकर 9 दिसम्बर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।



### व्यवस्था किया जा रहा

सीएमओ हेमंत कुमार वर्मा ने बताया कि एजेंसी से वर्करों की मांग की गई है। प्लेसमेंट कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से समस्या हुई है। वैकल्पिक व्यवस्था बना कर कार्यों को करवाया जा रहा है। जल्द ही व्यवस्था में सुधार हो जाएगा।

---

## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

# स्वास्थ्य शिविर में 357 ग्रामीणों का परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन में सरकार गठन के 1 वर्ष पूर्ण होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 357 ग्रामीणों का परीक्षण किया गया। अन्य स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। शिविर में ईसीजी, ब्लड प्रेशर के 267, शुगर 267, ब्लड ग्रुप टेस्ट 15, सिकलसेल 22, आरएफटी 2, एलएफटी 2, लिपिड प्रोफाइल 1, एचआईवी टेस्ट 7 का किया गया। 35 के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। जांच में गंभीर एनीमिया की पुष्टि होने पर तत्काल ब्लड ट्रांस फ्यूजन कर जीवन बचाया गया। शिविर का आयोजन बीएमओ डॉ. मनीष बघेल, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक बृजेश ताम्रकार, विनोद पटेल के नेतृत्व में किया गया। डिप्टी डायरेक्टर डॉ. कौशल प्रसाद एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा ने पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।




शिविर में डॉ मुजाहिद हसन, डॉ वैभव हिरवानी, रमेश चंदेल, आकांक्षा सिंह, विनय रामटेके, केपी साहू, आरपी गढ़ेवाल, विवेक मेश्राम, मनीषा टंडन, अनामिका सेन, संजय चंदेल, रमेश चावरे, नरेंद्र वर्मा, पुष्पेंद्र मरावी, जीवन वर्मा, राज मेश्राम, राहुल शर्मा, विशाल यादव, लोकेश्वरी आदि ने सेवाएं दी।

---

# छत्तीसगढ़ी भाषा की मधुरता व सरलता पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में गत दिनों प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन में हिंदी विभाग ने छत्तीसगढ़ी राजभाखा अंतर्गत विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की। मुख्य अतिथि केशवराम सेन थे। अध्यक्षता कला संकाय प्रभारी डॉ. आशा चौधरी ने की। मुख्य अतिथि ने छत्तीसगढ़ी भाषा की मधुरता और सहजता पर प्रकाश डाला। डॉ. चौधरी ने छत्तीसगढ़ी को छत्तीसगढ़ की पहचान बताया गया। विभाग प्रमुख डॉ. नीता राजपूत ने छत्तीसगढ़ी भाषा के संवर्धन तथा डॉ. येशुकृति हजारे ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर प्रकाश डाला।



इस मौके पर आयोजित सामूहिक लोक नृत्य प्रतियोगिता में एमए हिंदी तृतीय सेमेस्टर की चांदनी कंवर, अलीशा मानिकपुरी, मोना सेन, कविता वर्मा, प्रियंका वर्मा, कुलेश्वरी ने प्रथम, एमए हिंदी द्वितीय सेमेस्टर की नीलम यादव, निशा वर्मा, पार्वती चंद्रवंशी, काजल ने द्वितीय तथा नीना नेताम, उर्वशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस दौरान गुलशन सिन्हा, नीलम चतुर्वेदीनी, हेमूराम पदमे, डॉ. नौशीन अंजुम, एवलाल मेश्राम, अनिमा मिंज, मनीषा भेड़िया, अंजलि देवांगन डॉ सपना परिहार, मीनाक्षी साहू, श्वेतराज शर्मा, भोजराम लाउत्रे, रोशन, विजय सिन्हा, आकाश, कपिल आदि उपस्थित थे।

### एकल नृत्य में अलिशा प्रथम

एकल नृत्य में अलीशा मानिकपुरी प्रथम, प्रियंका वर्मा द्वितीय तथा नीना नेताम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में चांदनी कंवर प्रथम, प्रियंका वर्मा द्वितीय तथा सुहासिनी कंवर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रतियोगिता में पार्वती ने प्रथम, निशा वर्मा द्वितीय तथा कविता वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नमकीन व्यंजनों में भजिया बनाकर विकास मेश्राम ने प्रथम तथा काजल के चीला ने द्वितीय स्थान प्राप्त। सब्जी वर्ग में पार्वती चंद्रवंशी प्रथम, नीलम वर्मा द्वितीय तथा आसमीन तृतीय स्थान हासिल किया। राकेश ने तरबुज पर छत्तीसगढ़ महतारी का चित्रांकन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकल गायन में प्रियंका वर्मा प्रथम, दीपक साहू द्वितीय तथा वेणु तृतीय स्थान पर रही। संचालन विकास मेश्राम एवं करण मेश्राम तथा आभार प्रदर्शन डॉ. नीता राजपूत ने किया।


हरिभूमि
रायपुर संस्करण के
२३वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई
हरिभूमि 23rd Years ANNIVERSARY


हरिभूमि
23rd
Years
ANNIVERSARY


हरिभूमि
रायपुर संस्करण के
२३वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
सचिन बघेल
अध्यक्ष, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक
राजनांदगांव (छ.ग.)


हरिभूमि
रायपुर संस्करण के
२३वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
भागवत साहू
अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रा.)


हरिभूमि
रायपुर संस्करण के
२३वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
भुनेश्वर बघेल
पूर्व विधायक, डोंगरगढ़


हरिभूमि
रायपुर संस्करण के
२३वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
हरिभूमि 23rd Years ANNIVERSARY
मोनू बहादुर सिंह
जिला अध्यक्ष, भाजयुमो
राजनांदगांव

## सार समाचार

### विजय दिवस पर 16 को विविध आयोजन

**राजनांदगांव।** विजय दिवस 16 दिसंबर को मनाया जाएगा। भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम का दिवस विजय दिवस वर्ष 1971 में भारत-पाक युद्ध के दौरान भारत के वीर जवानों की विजय गाथा का स्मरण का दिवस है। उक्त विजय दिवस 16 दिसंबर को प्रतिवर्ष मनाया जाता है। शहर में प्रतिवर्ष विजय दिवस का आयोजन भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन द्वारा किया जाता है। इस वर्ष भी उक्त आयोजन हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उक्त संबंध में रिटायर्ड मेजर सूबेदार राजेश शर्मा ने बताया कि संगठन द्वारा इस वर्ष भी सुबह 10 बजे गौरव स्थल जीई रोड में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलन किया जाएगा। पूर्व सैनिक व राष्ट्र सेवक तथा प्रमुख सामाजिक संगठन के लोग इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। साथ ही दोपहर 01 बजे ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विजय दिवस मनाया जाएगा।

### जलेबी दौड़ में बच्चों ने चखा स्वाद

**राजनांदगांव।** वार्षिक खेलकूद स्पर्धा में बच्चों ने जलेबी दौड़ प्रतियोगिता में कूद-कूदकर जलेबी का रस लिया। बच्चों के अंदर जीतने का जज्बा देखते ही बनता था।




इंग्लिश मीडियम स्कूल अंबागढ़ चौकी चिल्हाटी रोड में प्री-प्राइमरी के बच्चों ने खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। सबसे पहले जलेबी दौड़ स्पर्धा कराई गई, जहां जीतने का जज्बा दिखाई पड़ा। वहीं बच्चों ने जलेबी को मुंह में भरकर उसके रस का भरपूर आनंद लिया। साथ ही रंगीन बॉल को गिलास में डालने की प्रतियोगिता ने भी काफी रोमांच पैदा किया। शाला प्राचार्य डॉ. एसके मिश्रा की उपस्थिति में अकाउंटेंट जावेद अहमद, शिक्षिका मिस्बा सानिया एवं खिलेश्वरी वर्मा के साथ बच्चों की देखभाल करने वाली दुर्गेश्वरी, अजय पांडे एवं सोमनाथ ने भी खेलों के दौरान अपनी भूमिका का निर्वहन किया। जलेबी दौड़ नर्सरी में प्रथम देवांश सलामे, द्वितीय अंकुश माहेश्वरी, रंगीन बॉल स्पर्धा में प्रथम देवव्रत पाल, अयान माहेश्वरी एवं मन्नत वासनिक, द्वितीय अंकुश माहेश्वरी एवं अनाया माहेश्वरी ने स्थान प्राप्त किया।

## बिना सूचना दिए मकान किराये पर देने पर की जाएगी कार्रवाई

# संदिग्ध व नए चेहरों की सख्ती से जांच शुरू, आठ पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला पुलिस ने क्षेत्र में नए एवं संदिग्ध लोगों की जांच पड़ताल तेज कर दी है। जिसके तहत 8 संदिग्धों पर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार नवीन जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के गठन 2 सितंबर 2022 के बाद क्षेत्र में नए एवं संदिग्ध लोगों के ठहरने, धूमने की शिकायत को गंभीरता से लेते पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवचरण पटेल, अनुविभागीय अधिकारी ताजेश्वर दीवान के मार्गदर्शन में क्षेत्र में नए एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कराई जा रही है।

### दी जा रही समझाईश

आपराधिक रिकार्ड पाए जाने पर उक्त संदिग्ध व्यक्तियों (किरायेदारों) पर तथा थाना में बिना सूचना दिए मकान किराये से देने वाले मकान मालिकों पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस जांच अभियान के दौरान मकान मालिकों को कानूनी कार्रवाई से बचने एवं क्षेत्र में शांति व सुरक्षा के मद्देनजर किरायेदारों की सूची व किरायेदारों को थाना उपस्थित कराकर थाना में पूरी जानकारी प्रदाय करने समझाइस दी जा रही है।



### संदिग्धों की ली जा रही जानकारी

जिसके तहत थाना में बिना सूचना दिए घूमने ठहरने आए फेरी वालों, किरायेदारों की जांच तस्दीक कराई जा रही है। इसी तारतम्य में अंबागढ़ चौकी थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी राठौर के नेतृत्व में थाना अंबागढ़ चौकी क्षेत्रांतर्गत सघन जांच अभियान चलाया गया। 14 दिसंबर को थाना अंबागढ़ चौकी क्षेत्रांतर्गत थाना में बिना सूचना किराये के मकान में निवासरत नए, संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच के दौरान कुल 31 व्यक्तियों की पहचान की गई, जो पिछले कुछ महीनों से अवैध रूप रहना पाया गया। सभी को थाना अंबागढ़ चौकी लाकर पूरा विवरण पूर्ण पता की जानकारी लेकर उनके मूल स्थान के थाना में आपराधिक रिकार्ड के संबंध में एसएस रोल जारी कर जानकारी मंगाया जा रहा है तथा 8 संदिग्ध व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था में पाए जाने पर उनके खिलाफ धारा-128 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई तथा उनका फिंगरप्रिंट लिया गया।

### नेशनल लोक अदालत आयोजित

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वावधान में छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशन एवं माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुषमा सावंत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के निर्देशन में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 दिसंबर को वर्चुअल और भौतिक उपस्थिति मोड में किया गया।



इसमें सर्वोच्च न्यायालय से लेकर तहसील स्तर तक के न्यायालयों में लोक अदालत आयोजित की गई। जिला राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में न्यायालय में लंबित राजस्व न्यायालय एवं प्री-लिटिगेशन के 126441 प्रकरणों को निराकरण के लिए चिन्हित किया गया है। जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण माननीय सुषमा सावंत के नेतृत्व में लोक अदालत के आयोजन की सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई थी। नेशनल लोक अदालत आयोजित करने कुल 49 खंडपीठों का गठन किया गया था। इस लोक अदालत में 120503 मामलों का सफलतापूर्वक निपटान किया गया। निपटान किए गए मामलों में कुल 120939 मामले प्री-लिटिगेशन चरण के थे और 5502 मामले ऐसे थे, जो विभिन्न न्यायालयों में लंबित थे। निपटान राशि लगभग 9 करोड़ 4 चार 80 अस्सी हजार 43 रुपए 15 पैसे थी। उपरोक्त नेशनल लोक अदालत में आपराधिक राजीनामा योग्य मामले, मोटर वाहन दुर्घटना दावा से संबंधित मामले, धारा 138 एनआई एक्ट से संबंधित मामले अर्थात चेक से संबंधित मामले, वैवाहिक विवाद के मामले, श्रम विवाद के मामले, बैंक ऋण वसूली वाद, रुपए वसूली वाद, विद्युत बिल एवं टेलीफोन बिल के मामले, भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले, राजस्व न्यायालय के मामले एवं अन्य राजीनामा योग्य वाद आदि से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई।

पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता

## रायपुर सेंट्रल ने ट्रॉफी पर किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र द्वारा 11 से 13 दिसंबर तक स्टेट स्कूल स्थित व्हालीबॉल मैदान में आयोजित पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय व्हालीबाल प्रतियोगिता 2024 का समापन हो गया। जिसमें रायपुर सेंट्रल क्षेत्र एवं कोरबा पश्चिम क्षेत्र के बीच फायनल मैच खेला गया। इसमें रायपुर सेंट्रल ने कोरबा पश्चिम को 3-1 से पराजित कर खिताब पर कब्जा किया।

चौथे सेट में रायपुर सेंट्रल की टीम ने जबर्दस्त वापसी करते 25-14 से सेट जीतकर खिताब पर कब्जा किया। खेल में बेहतर प्रदर्शन करते रायपुर सेंट्रल से नीरज वर्मा बेस्ट नेटर, राजनांदगांव क्षेत्र से बेस्ट अटैकर अभिषेक नायडू एवं कोरबा पश्चिम से संतोष पैंकरा बेस्ट डिफेंडर चुने गए। क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद राजनांदगांव क्षेत्र के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय अंतरक्षेत्रीय व्हालीबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजेता रायपुर सेंट्रल की टीम को शील्ड एवं उपविजेता कोरबा वेस्ट की टीम को रनर शील्ड प्रदान किया गया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य अभियंता शिरीष सेलट द्वारा विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को शील्ड एवं ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अभियंता श्री सेलट ने विजेता एवं उपविजेता टीम को बधाई देते कहा कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने तीन दिनों तक खेल नर्सरी में उत्कृष्ठ खेल प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया।



### राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित खिलाड़ी

अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मंडल के तत्वावधान में आयोजित होने वाली अंतर्विद्युत मंडलीय व्हालीबॉल प्रतियोगिता के लिए प्रतियोगिता में किए गए प्रदर्शन के आधार पर रायपुर सेंट्रल से नीरज वर्मा, राजेश शर्मा, इन्द्रमणी पटेल एवं अजय सिन्हा, कोरबा पूर्व से कृष्णपाल सिंह कंवर, शैलेन्द्र पैकरा एवं विनोद कुमार राठौर, कोरबा पश्चिम डीडी नायक, शैलेष देवांगन, आरपी लोधी, राजनांदगांव से अभिषेक नायडू, युवराज वर्मा, मड़वा से गजेन्द्र नेताम एवं अशोक डहरिया, दुर्ग से रवि चंद्राकर एवं राजेश देशमुख, रायपुर रीजन से जावेद खान एवं खेलन सिंह यादव एवं बिलासपुर से दीनबंधु नायक का चयन किया गया है।

## बलौदाबाजार मामले में सीबीआई जांच की मांग को लेकर शहर में निकली रैली

**राजनांदगांव।** सतनामी समाज के पदाधिकारियों के साथ भीम आर्मी भारत एकता मिशन द्वारा अपने सामाजिक न्याय यात्रा के दूसरे चरण के तहत राजनांदगांव शहर में बाइक रैली निकाली गई। इस दौरान बलौदा बाजार अग्निकांड सहित पांच प्रमुख मांगों के साथ अन्य मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

बलौदाबाजार अग्निकांड और अमर गुफा स्थित जैतखाम तोड़े जाने के मामले में सीबीआई जांच की मांग को लेकर भीम आर्मी भारत एकता मिशन द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी जिलों में सामाजिक न्याय यात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा के दूसरे चरण के तहत आज बाइक रैली राजनांदगांव पहुंची। यहां उन्होंने राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बलौदाबाजार में हुए अग्निकांड एवं अमर गुफा में जैतखाम तोड़े जाने के मामले में सीबीआई जांच की मांग की। वहीं बलौदाबाजार आंदोलन में गिरफ्तार लोगों को निर्दोष बताते रिहाई की मांग। समान शिक्षा नीति लागू करने, अन्य पिछड़ा वर्ग को उनकी जनसंख्या अनुपात में आरक्षण देने सहित छत्तीसगढ़ में पेशा कानून लागू करने की मांग की है।



इस यात्रा को लेकर भीम आर्मी भारत एकता मिशन के प्रदेश प्रवक्ता वीरेंद्र कुमार कुर्रे ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में सामाजिक न्याय यात्रा निकली जा रही है। इस यात्रा में सभी जिलों के कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से बलौदाबाजार घटना की न्यायिक जांच की मांग की जा रही है। वहीं इस मामले में जेल में बंद सतनामी समाज के 200 लोगों की रिहाई की मांग भी की जा रही है। सामाजिक न्याय यात्रा के दूसरे चरण के तहत शहर में खैरागढ़ क्षेत्र से होकर बाइक रैली राजनांदगांव पहुंची। यहां सतनाम भवन में एकत्रित होने के बाद शहर के विभिन्न मार्गों से भ्रमण करते रैली कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची, जहां ज्ञापन सौंपा गया। इसके बाद रैली बालोद जिले के लिए रवाना हुई।

## किसानों से किया गया वादा पूरा करते की धान खरीदी

**राजनांदगांव।** शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनादेश परब के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू ने शनिवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रेसवार्ता ली। इस दौरान जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला पंचायत सभापति अशोक देवांगन, जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर, कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं पत्रकारगण उपस्थित थे।

जिपं अध्यक्ष श्रीमती साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने विकास के अनेक आयाम स्थापित किए हैं। सरकार ने प्रदेश के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया है और उपलब्धियां हासिल की है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों से किया गया वादा पूरा करते 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की रिकॉर्ड खरीदी की। हमारी सरकार ने अपने वादे के मुताबिक किसानों को दो साल के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपए का अंतरण भी किया। प्रदेश की माताओं-बहनों से किए गए वादे को पूरा करते तीन माह के भीतर ही महतारी वंदन योजना शुरू की गई। इसका लाभ 70 लाख माताओं-बहनों को मिल रहा है। अब तक इस योजना की 10 किस्तों में 6530 करोड़ रुपए अंतरित किए जा चुके हैं। जरूरतमंद परिवारों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने के अपने वादे को पूरा करने सरकार बनने के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया।




जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल ने जिले की उपलब्धियों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के तहत जिले में 1 लाख 33 हजार 32 किसान पंजीकृत है। जिनमें से 3.8 प्रतिशत नवीन किसानों का पंजीयन वर्ष 2024-25 में किया गया है। जिले में पंजीकृत रकबा 1,56,584.81 हेक्टेयर है। अब तक 2,88,915 मीट्रिक टन धान खरीदी की जा चुकी है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले में कुल राशन कार्ड की संख्या 2,49,945 है। जिसमें से वर्ष 2024 में 13,638 नवीन राशन कार्ड बनाए गए। महतारी वंदन योजना के तहत जिले के 2.57 लाख महिलाओं को 242 करोड़ रुपए से लाभान्वित हो गए हैं। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं को धरातल तक अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने जिला, विकासखंड एवं ग्राम स्तर तक पहुंचाने जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनसामान्य को शासन की योजनाओं से जागरूक करने युवोदय की टीम द्वारा कार्य किया जा रहा है। प्राथमिक स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में जनसहभागिता से संपर्क डिवाईज दिया जा रहा है। अब तक 731 स्कूलों में संपर्क डिवाईज लगाए गए हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे।

## शाम होते ही कंपाने वाली ठंड, तापमान गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दिसंबर माह के मध्यान्ह में मौसम में तेजी के साथ बदलाव आया है। शाम होते ही कंपाने वाली ठंड का वातावरण है। वहीं सुबह से कोहरे का आलम बना हुआ है। कड़ाके की ठंड से बचने के लिए लोग जहां गर्म कपड़ों का उपयोग कर रहे हैं। वहीं शाम के बाद अंगीठी जला राहत पाने का प्रयास कर रहे हैं।

ज्ञात हो कि दिसंबर माह लगते ही मौसम में तेजी के साथ उतार-चढ़ाव का दौर बना हुआ है। आसमान में बदली का आलम बना हुआ है। इधर सुबह के समय कोहरे के साथ ही ठंड और शाम होते ही ठंडी हवाओं का असर है। जिससे ठंड का खासा असर बना हुआ है।



### तापमान में गिरावट की आशंका

मौसम विभाग के अनुसार कल 16 दिसंबर को आसमान साफ एवं तापमान अधिकतम 28 एवं न्यूनतम 12 डिसे तक होने की संभावना है। ठंड के चलते लोग दिनभर गर्म कपड़ों का उपयोग कर रहे हैं। वहीं सुबह से दोपहर तक कई लोग धूप में बैठकर ठंड से राहत पाते देखे जा रहे हैं। खुले स्थानों में ठंड का खासा असर है। शाम के बाद शहर सहित ग्रामीण इलाकों में लोग अंगीठी जलाकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं।

### वनांचल में कड़ाके की ठंड

इधर वनांचल इलाकों में दोपहर बाद से ही कड़ाके की ठंड का वातावरण निर्मित है। लिहाजा शाम होते ही शहर से लेकर गांव के सड़कों में सन्नाटा पसरने लगा है। वनांचल इलाके में तो दिन में भी कई स्थानों पर अंगीठी जलाकर लोग ठंड से राहत पाने का प्रयास कर रहे हैं। बताया गया कि मानपुर साल्हेवारा इलाके में ठंड का व्यापक असर है।

### गर्म कपड़ों की बढ़ी मांग

माना जा रहा है कि आगामी दिनों में ठंड का और भी असर बने रहने की संभावना है। बदलते मौसम से गर्म कपडों की दुकानों में लोगों की अच्छी खासी उपस्थिति बन रही है। गर्म कपड़ों की मांग लोगों के बीच बनी हुई है। जैकेट, स्वेटर, मफलर, मोजे इत्यादी की मांग सर्वाधिक है। जिसकी जमकर खरीदी की जा रही है अचानक गर्म कपड़ों की मांग बढ़ने से गर्म कपड़ों के बाजार में भीड़ देखी जा रही है।

## पृष्ठ 13 का शेष

### सोशल मीडिया में...

घर बसाने की बात कही गई। 11 जुलाई को प्रार्थिया के पास एक महिला द्वारा फोन कर बताया कि आलोक देशपांडे भारत में दिल्ली एयरपोर्ट में विदेशी मुद्रा के साथ आए हैं, उस मुद्रा को भारतीय मुद्रा में एक्सचेंज करने के लिए प्रक्रिया के तहत फीस जमा करनी होगी। उसी दौरान अज्ञात आरोपी आलोक देशपांडे ने भी प्रार्थिया को कॉल कर बोला कि पैसों की अर्जेन्ट जरूरत है। साथ ही लगातार इमोशनल ब्लेकमेलिंग कर विभिन्न बैंक खातों में कई किस्तों मे कुल 15,72,000 रुपए प्रार्थिया से डलवाकर ठगी कर लिया है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना डोंगरगांव में धारा 318 (4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

**पुलिस ने दिल्ली में दी दबिश-** इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने पत्रकारवार्ता में बताया कि विवेचना के दौरान सायबर सेल राजनांदगांव के माध्यम से उक्त शादी डाट काम की प्रोफाईल आईडी, मोबाइल धारक की पतासाजी किया गया। तकनीकी सहायता के माध्यम से आरोपी की पतासाजी किया गया। उक्त मोबाइल धारक का लोकेशन दिल्ली तिलक नगर होना पाया गया। थाना डोंगरगाव व साइबर सेल की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर दिल्ली के तिलकनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चौखंडी संतनगर एक्सटेंशन पर आरोपी के ठिकाने पर रेड कार्रवाई किया गया, जहां आरोपी किराये के मकान में रह रहा था। आरोपी जानसन सेमुअल 40 साल वर्तमान निवासी डब्ल्यूजेडजी-81 संत नगर एक्सटेंशन शाहपुरा थाना तिलक नगर नई दिल्ली स्थायी पता नाईजीरिया (जो दिल्ली आने से पूर्व नाईजीरिया में निवासरत था) को हिरासत मे लेकर पूछताछ किया गया।

## निधन



### महादेव सिंह ठाकुर

**राजनांदगांव।** गायत्री नगर निवासी महादेव सिंह ठाकुर का निधन 82 वर्ष की आयु में हो गया वे। इन्कम टैक्स के अधिवक्ता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। श्री ठाकुर अधिवक्ता इंद्रजीत सिंग के पिता थे।

## शतरंज में 11 राज्यों की बेटियां दिखाएगी जौहर

## 42 साल बाद शहर में ग्रेडिंग टूर्नामेंट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला शतरंज संघ और अग्रवाल सभा के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 18 दिसंबर से 22 दिसंबर तक शहर के अग्रसेन भवन में पांच दिवसीय स्मार्ट गर्ल ऑल इंडिया ओपन फाइट रेटेड चेस्ट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। रेटिंग बढ़ाने यह टूर्नामेंट शहर में 42 साल बाद आयोजित हो रहा है। इस आयोजन के संबंध में जिला शतरंज संघ और अग्रवाल सभा के पदाधिकारी ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से जानकारी दी।

शहर के अग्रसेन भवन में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता को अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ द्वारा मान्यता दी गई है। इस प्रतियोगिता में देशभर के 11 राज्यों से 122 खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। जिसमें कर्नाटक, आंध्र, तेलंगाना, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, वेस्ट बंगल, उत्तरप्रदेश, तेलंगाना, मध्यप्रदेश और बिहार के खिलाड़ी शामिल होंगे।




### नि:शुल्क आवास और भोजन की व्यवस्था

आयोजन को लेकर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने बताया कि यह प्रतियोगिता वर्ष 1982 के बाद अब 2024 में आयोजित हो रही है। इस प्रतियोगिता में सेलेक्ट होने वाले खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेंगे। वहीं इस प्रतियोगिता से उनके खेल की रेटिंग तय होगी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए आवास और भोजन की व्यवस्था अग्रवाल समाज द्वारा नि:शुल्क रखी गई है।

### 19 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी होंगे शामिल

नौ चक्र में खेली जाने वाली इस प्रतियोगिता का मुकाबला क्लासिफाइड फॉरमैट से होगा। इस प्रतियोगिता में 19 अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग प्राप्त खिलाड़ी भी हिस्सा ले रहे हैं।

### राजनंदगांव के लिए विशेष पुरस्कार

इस प्रतियोगिता में राजनांदगांव के खिलाड़ियों के लिए विशेष पुरस्कार भी रखा गया है। जिसमें प्रथम को 5000 रुपए, दूसरे स्थान को 4000, तीसरे स्थान को 3000 और चौथ क्रम को 2000 रुपए एवं प्रतीक चिन्ह दिया जाएगा। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ललित भंसाली, आलोक बिंदल संजय, अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### वरीयता बढाने की प्रतियोगिता

आयोजन को लेकर प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी ने बताया कि भारत में बालिका वर्ग की आर्थिक स्थिति के चलते शतरंज खेल में उनकी प्रतिभा सामने नहीं आ पाती है। इसी प्रतिभा को सामने लाने के उद्देश्य से स्मार्ट गर्ल इंडिया रेटिंग टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जो खिलाड़ी इसमें अच्छा प्रदर्शन करेंगे, उन्हें अंतर्राष्ट्रीय वरीयता मिलेगी। इसमें प्रवेश शुल्क महज 250 रुपए रखा गया है।

### प्रथम से लेकर 15वें स्थान तक पुरस्कार

18 से 22 दिसंबर तक आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 15000, तृतीय 9000, चतुर्थ 7000, पंचम 5000 रुपए और छठवें से दसवें स्थान तक 2000 रुपए। वहीं 11वें से 15वें स्थान प्राप्त करने पर 1000 रुपए और प्रतीक चिन्ह से खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।



हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 16 दिसंबर, 2024
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव ]



# हरिभूमि

## रायपुर संस्करण के 23वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

हरिभूमि 23rd Years ANNIVERSARY

### सामाजिक सरोकार से परिपूर्ण



**शिवकुमार चन्द्रवंशी**
वरिष्ठ भाजपा नेता

हरिभूमि समाचार पत्र एक ऐसा अखबार है जो सभी धर्म-संप्रदाय के हक में अपने विचार रखता है, हरिभूमि जन साधारण के पास जाकर, उनसे उनकी समस्याओं के बारे में लोगो की समस्याए सुनकर समस्याओं के निवारण करते है।

हरिभूमि की 23वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

### त्वरित टिप्पणी का जवाब नहीं



**रामकुमार भट्ट**
पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष
एवं जिला पंचायत सदस्य कबीरधाम

जैसा नाम, वैसा ही काम त्वरित टिप्पणी के प्रकाशन होते ही शासन-प्रसासन का तत्काल कार्यवाही होना देखने को मिलता है। त्वरित टिप्पणी में हमेशा सच्ची खबरों को प्रकाशित किया जाना यह हरिभूमि अखबार का दायित्व व कर्त्तव्य होता है।

हरिभूमि की 23वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

### नित नये आयाम गढ़ते गया



**सीताराम साहू**
जिला संयोजक
शिक्षा प्रकोष्ठ कबीरधाम

हरिभूमि के स्थापना दिवस के समय पर ही प्रदेश का ही गठन हाल ही में हुआ था उस समय से आज तक जैसे राज्य प्रगति पथ पर अग्रसर रहा उसी तरह मेरा प्रिय अखबार हरिभूमि नित नये आयाम गढ़ते

हरिभूमि की 23वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

### समाचारों की कसावट हेतु प्रतिबद्ध



**संतोष पटेल**
जिला-महामंत्री भाजपा
कबीरधाम

भले ही आज का इन्टरनेट युग है मगर समाचार पत्रों एवं अखबारें ने अपनी उपयोगिता को अभी तक बनाए रखा हैं, सस्ती कीमत तथा टिकाऊ खबरों के स्त्रोत समाचार पत्र का महत्व आज भी उतना ही है जितना किसी समय हुआ करता था, हरिभूमि अपने समाचारों हेतु प्रतिबद्ध रहता है।

हरिभूमि की 23वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

### सुबह की चाय हरिभूमि के साथ



**हेमंत ठाकुर**
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति मर्यादित बचेड़ी

प्रतिदिन अखबार खोलते हरिभूमि अखबार लेकर पढ़ना शुरू करता हूं और सुबह की चाय के साथ समाचारों की जानकारी से तरोताजा होना विगत 23 वर्षो से आदत हो गई है।

हरिभूमि की 23वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

### प्रदेश को नई पहचान दी



**विष्णु चन्द्रवंशी**
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति मर्यादित मोहगांव

हरिभूमि के शुरूआत से ही राज्य के विकास में हरिभूमि का विशेष योगदान रहा, समाचार के माध्यम से जन-जन की आवाज को समय-समय पर बुलंद करके शासन, प्रसासन व जनता की आवाज बनता गया। प्रदेश को नई पहचान देने में योगदान रहा।

हरिभूमि की 23वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

### सबसे सस्ता, सब से अच्छा



**मनीराम साहू**
जिला अध्यक्ष
भाजपा युवा मोर्चा कबीरधाम

हरिभूमि प्रारम्भ समय में एक रूपये का अखबार आपने पाठकों को सही दाम और सच्ची खबरों के साथ अपने पाठकों के हर घर का सबसे प्रिय अखबार बनता गया, और आज छत्तीसगढ़ का सबसे बड़े अखबार के रूप में हमारे पाठकों ने हमें यह स्थान दिया।

हरिभूमि की 23वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

### वह कड़ी है जो इंसान को पूरी दूनिया से जोड़ती है



**जयराम साहू**
पूर्व सांसद प्रतिनिधी

न्यूज़ जिसे समाचार भी कहा जाता है. यह वह कड़ी है, जो इंसान को पूरी दुनिया से जोड़ती है जब हम देश विदेश की खबरे सुनते है तो हम भी विश्व का अंग हो जाते है, समाचार के माध्यम से लोग अपनी इच्छा, विरोध और आलोचना प्रकट करते है।

हरिभूमि की 23वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

### छत्तीसगढ़ी भाषा को दी आवाज़



**सत्येन्द्र वर्मा**
कांग्रेस नेता

हरिभूमि अखबार ने हमेशा छत्तीसगढ़ी भाषा को चौपाल के रूप में प्रकाशित करते रहा है, हरिभूमि अपने चौपाल परिशिष्ठ के माध्यम से ही छत्तीसगढ़ी भाषा को नई दिशा दिया, छत्तीसगढ़ में हमारे अखबार के चौपाल परिशिष्ठ को छत्तीसगढ़ की जनता ने बहुत पसंद किया।

हरिभूमि की 23वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

### प्रिंटिंग क्वालिटी से समझौता नहीं



**दानेश्वर सिंह परिहार**
समाज सेवी कवर्धा

प्रिंटिंग क्वालिटी को हमेशा ही हरिभूमि बेहतर रखता है, शुरू से अब तक पेपर क्वालिटी पर विशेष ध्यान रखा जाता है, जिससे हम पाठकों को अखबार में बेहतर से बेहतर क्वालिटी प्राप्त हो सकें।

हरिभूमि की 23वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

### जब खबर से पोल है खुलती



**निर्मल साहू-पटवारी**
संभाग अध्यक्ष (दुर्ग संभाग)

जब खबर से पोल खुलती है, तभी सच्ची खबर हमें पढने को मिलती है, हरिभूमि ने अपने 23 वर्षो की मेहनत से हमेशा सच्चाई ही प्रकट किया है। इसी वजह से ही पाठकों ने हमें बहुत प्यार एवं विश्वास के साथ हमेशा छ.ग. का नं. 1 अखबार बना दिया।

हरिभूमि की 23वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

### महिलाओं को नई दिशा मिली



**नरेश वर्मा**
सब-इंजिनियर बोड़ला (RES)

समाज को बेहतर बनाने के लिए महिलाओं को ही प्रयास करना होगा। उन्हें अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी, महिलाओं को हरिभूमि अपने सहेली प्ररिशिष्ठ के माध्यम से महिलाओ को नई दिशा मिल रही है।

हरिभूमि की 23वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

### स्वास्थ्य का खजाना, सेहत



**रविकुमार साहू**
अनुविभागीय अधिकारी
सहसपुर लोहारा (RES)

शारीरिक स्वास्थ्य शरीर की स्तिथि को दर्शाता है। हरिभूमि अपने सेहत प्ररिशिष्ठ के माध्यम से शरीर की संरचना, विकास, कार्यप्रणाली और रखरखाव आदि शामिल होता है, जिससे बेहतर स्वास्थ्य की जानकारी पाठकों को दी जाती है।

हरिभूमि की 23वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

### हमारी ज़िन्दगी का हिस्सा हरिभूमि



**सेवादास पटेल**
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति मर्यादित राजानवागांव

अखबार का महत्व समझने के लिए आपको खुद का महत्व समझना होगा। क्योंकि जब सारे हथियार बेअसर हो जाते हैं तो अखबार ही काम आता है। ठीक उसी तरह हरिभूमि अखबार हमारे जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया है।

हरिभूमि की 23वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

### बच्चों के सर्वागीण विकास में सहायक, बाल भूमि



**मिनाक्षी आसकरण धुर्वे**
जनपद सदस्य कवर्धा

प्रत्येक बच्चे के पास उत्प्रेरणा, शिक्षा, खेल – कूद मनोरंजन और क्रियाकलापों के माध्यम से शारीरिक, मानसिक और संवेदनात्मक विकास का अधिकार है, उसी को देखते हुए हरिभूमि ने बच्चों के लिए बाल भूमि परिशिष्ठ प्रकाशित किया जिससे बच्चों के सर्वागीण विकास हो सकें।

हरिभूमि की 23वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

### न्यूज़पेपर जिसका नाम है, यह जानकारी का भंडार है



**कपुर चंद ठाकरें**
वरिष्ठ भाजपा नेता
रेंगाखार जंगल

आजकल, समाचार पत्र जीवन की एक आवश्यकता बन गया है। यह बाजार में लगभग सभी भाषाओं में उपलब्ध होता है। यह हमें खेल, नीतियों, धर्म, समाज, अर्थव्यवस्था, फिल्म उद्योग, फिल्म (चलचित्र), भोजन, रोजगार आदि के बारे में बिल्कुल सटीक जानकारी देता है।

हरिभूमि की 23वीं स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई...

**हरिभूमि परिवार कवर्धा की ओर से स्थापना दिवस के अवसर पर सभी पाठकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...**

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार, 16 दिसंबर 2024



## सोशल मीडिया में फेक प्रोफाइल बनाकर युवती से लाखों की ठगी, दिल्ली से नाईजीरियन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शादी डाट काम पर फेक प्रोफाईल बनाकर एक युवती से आरोपी ने 15,72,000 रुपए की ऑनलाइन ठगी कर ली। इस मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने दिल्ली से सायबर ठगी नाईजीरियन को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। एक महिला आरोपी की तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 29 जुलाई को प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात आरोपी द्वारा शादी डाट काम की प्रोफाईल आईडी आलोक देशपांडे के नाम से प्रार्थिया से विवाह के संबंध में बात कर स्वयं को युनाईटेड किंगडम में कार्यरत होना, भारत वापस लौटकर प्रार्थिया से शादी कर

शेष पेज 16 पर



### टूरिस्ट वीजा पर आया था

आरोपी जॉनसन सेमुअल सितंबर 2018 को टूरिस्ट वीजा पर भारत आया था। जिसके वीजा तिथि 2022 को ही समाप्त होने के बावजूद दिल्ली में अनाधिकृत रूप से रह रहा था। जिसकी सूचना पत्र के माध्यम से घाना गणराज्य के दूतावास कार्यालय में दी गई है।

### लैपटॉप-मोबाइल जब्त

गवाहों के समक्ष धारा-23(2) भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत मेमोरंडम कथन लिया गया, जिन्होंने अपने कथन में अपराध घटित करते ठगी में उपयोग किए गए 1 नग लैपटाप एवं 4 नग मोबाइल पेश किया, जिसे जब्त किया गया एवं आरोपी द्वारा दिल्ली में रहकर अपने एक अन्य भारतीय महिला सहयोगी द्वारा ठगी करना बताया, जो उक्त आरोपी को ठगी करने हेतु कई फर्जी बैंक खाता तथा सिम उपलब्ध कराती थी, उसके एवज में 50 प्रतिशत कमीशन लेती थी। साथ ही ठगी का पैसा खातों में आने पर एटीएम से निकासी कर प्रदाय करती थी। आरोपियों द्वारा कम्प्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों का उपयोग कर स्वयं की पहचान छिपाकर किसी अन्य के नाम से प्रतिरुपित कर धोखाधड़ी किए जाने से प्रकरण में धारा 3(5) भारतीय न्याय संहिता एवं 66 डीआईटी एक्ट जोड़ी गई है। आरोपी जॉनसन सेमुअल 40 साल निवासी जी-81 संत नगर एक्सटेंशन शहपुरा थाना तिलक नगर नई दिल्ली स्थायी पता नाईजीरिया को 11 दिसंबर को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

## ट्रक की चपेट में आकर घायल होने वाले युवक की भी मृत्यु

**मोहला।** जिले में लगातार सड़क हादसे में हो रही युवकों की मौतों के ग्राफ के बीच 9 दिसंबर को दोपहर अंबागढ़ चौकी कॉलेज से आगे चिल्हाटी मुख्य सड़क पर हुए सड़क हादसे में मोटर साइकिल सवार में एक की मौत घटनास्थल पर हो गई थी। गंभीर स्थिति में 6 दिनों से जिंदगी और मौत से लड़ रहे नगर के सिद्दीकी परिवार से ताल्लुक रखने वाले 24 वर्षीय युवक की रायपुर एम्स में शनिवार देर शाम मौत हो गई है।




मिली जानकारी के अनुसार हादसा 9 दिसंबर दोपहर 1 बजे गणेश टेकरी चौकी चिल्हाटी मुख्य मार्ग में हुआ। मोटर साइकिल क्रमांक सीजी-10-एडब्ल्यू 3397 मोटर साइकिल में केशव ताम्रकार पिता हेमंत ताम्रकार 20 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 8, आयज सिद्दीकी पिता कलाम सिद्दीकी 24 वर्ष निवासी अंबागढ़ चौकी वार्ड नंबर 3 ट्रक मोटर साइकिल में सवार होकर अंबागढ़ चौकी नगर की ओर आ रहे थे। विपरीत दिशा से 10 चक्का ट्रक एमएच-40-एके-2913 से जा भिड़े। मोटर साइकिल दोनों युवकों में केशव का हादसे के दौरान ही मौत हो गई। वहीं आयद सिद्दीकी घटना के 6 दिनों से जिंदगी और मौत से लड़ते 14 दिसंबर को देर शाम मौत हो गई है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल



न्यूरो सर्जन
डॉ. घनश्याम बिसेन ससापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY
(PGI Chandigarh)

- एक्सीडेंट या दुर्घटना से मस्तिष्क या रीढ़ की हड्डी की चोट
- ब्रेन एवं स्पाइनल ट्यूमर/ रसोली या गांठ
- हाइड्रोकेफलस (मस्तिष्क में पानी भरना) ● गर्दन या कमर दर्द
- डिस्क की बीमारी (सर्वाइकल या सयाटिका की प्राब्लम)
- ट्यूबरकुलोसिस स्पाइन
- ब्रेन एन्यूरिसम (खून की नसों में गुब्बारा बन जाना)
- ब्रेन हेमरेज या स्ट्रोक / लकवा रीढ़ की हड्डी के अन्य जटिल ऑपरेशन
- विभिन्न प्रकार के सिर दर्द/ ट्राईजेमिनल न्यूरालजिया

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
Time - 3 PM to 6.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365









**भूमिपूजन:** शिक्षकों को बेहतर मार्गदर्शन मिलने से हमारे विद्यार्थियों का भी होगा सम्पूर्ण मानसिक विकास: भावना बोहरा

# विधायक भावना द्वारा एक दिवसीय मंथन स्मार्ट टीचर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा





### समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने विधायक भावना बोहरा का सराहनीय प्रयास: डॉ. अजीत

कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉ. अजीत वरवंडकर ने कहा कि आज के इस कार्यक्रम में शिक्षकों के कौशल उन्नयन के साथ-साथ बच्चों के बेहतर भविष्य के उद्देश्य से पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा इस कार्यशाला के आयोजन हेतु मैं उन्हें बधाई देता हूँ। ऐसी अनूठे प्रयासों से ही हम शिक्षा के माध्यम से समाज मे सकारात्मक परिवर्तन लाने में जरूर सफल होंगे और आज के इस कार्यशाला का शिक्षकों को शत प्रतिशत लाभ मिलेगा। इसके साथ ही मैं भावना बोहरा द्वारा एक जनप्रतिनिधि के रूप में अपने क्षेत्र के विकास, जनसेवा के कार्यों एवं विभिन्न क्षेत्रों में किये जा रहे सराहनीय प्रयासों के लिए भी उनका हार्दिक अभिनंदन करता हूँ। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव सियाराम साहू, कवर्धा जनपद उपाध्यक्ष वीरेन्द्र साहू, जिला भाजपा कोषाध्यक्ष रूपेश जैन, सीताराम साहू, राजू पारख, धरमपाल कौशिक, जिला शिक्षा अधिकारी, तीनों विकासखंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं भाजपा के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

शिक्षा, सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं क्षेत्र के विकास हेतु लगातार पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र में सराहनीय प्रयास एवं पहल की जा रही है। क्षेत्रवासियों को उनकी रुचि अनुरूप शिक्षा एवं जानकारी प्राप्त करने हेतु विधानसभा के 75 ग्राम पंचायतों लाइब्रेरी स्थापना की घोषणा के बाद अब उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के लिए उनके द्वारा मंथन स्मार्ट टीचर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम, कवर्धा में किया गया। इस कार्यशाला में खुद भावना बोहरा ने शिक्षकों के साथ संवाद कर विद्यार्थियों के बेहतर परिणाम लाने व शिक्षा को और बेहतर बनाने से लेकर उसमें सुधार व बेहतर मैनेजमेंट एवं स्मार्ट क्लास सहित विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान अनुभवी व प्रख्यात कैरियर काउंसलर एवं साइकोलॉजिस्ट डॉ. अजीत वरवंडकर ने भी शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि हमारे शिक्षकों के कंधों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। वे क्षेत्र की प्रगति के साथ ही इसके सूत्रधार हमारे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अथक परिश्रम करते हैं, उनके ज्ञान का विस्तार करते हैं। वर्तमान समय में हमारी शिक्षा आधुनिकता एवं टेक्नोलॉजी के साथ जुड़ रही है,ऐसे में हमारे शिक्षक भी स्मार्ट और टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ ही अच्छे परिणाम भी हमें प्राप्त हो सकते हैं।आज इसी उद्देश्य से हमने मंथन स्मार्ट टीचर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें हमारे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के साथ हमने संवाद किया। कैसे हम शिक्षा को तकनीक के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण दें, क्लास रूम मैनेजमेंट, आगामी परीक्षा परिणामों को बेहतर बनाने व पाठ्यक्रम के संबंध में चर्चा की। इसके साथ ही नई शिक्षा नीति व शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के कौशल उन्नयन के संदर्भ में भी इस कार्यशाला में सार्थक संवाद हुआ है वहीं मुख्य वक्ता डॉ. अजीत वरवंडकर ने भी शिक्षकों का मार्गदर्शन किया और उनके मन मे निहित प्रश्नों और दुविधाओं का समाधान भी किया। भावना बोहरा ने आगे कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से हमारा प्रयास है कि हम शिक्षक व विद्यार्थियों के मध्य एक बेहतर सामंजस्य स्थापित कर सके। शिक्षकों को भी समय-समय पर वर्तमान परिदृश्य में शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं, पद्धतियों और पाठ्यक्रम को समय पर पूर्ण कर परिणामों को बेहतर लाने के संदर्भ में संवाद का यह एक अच्छा माध्यम है। हमें विश्वास है कि इस कार्यशाला के माध्यम से हमारे शिक्षकों को नए अनुभव प्राप्त होंगे जिससे हमारे आने वाली पीढ़ियों के भविष्य और भी उज्ज्वल होगा। इसके लिए हम ऐसे प्रयास निरन्तर करते रहेंगे। पूर्व संसदीय सचिव सियाराम साहू ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में विधायक भावना बोहरा द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहें हैं। आज का भी यह कार्यक्रम अपने आप मे बहुत ही महत्वपूर्ण और अनूठा है जिसके लिए मैं उन्हें बहुत बहुत बधाई देता हूँ और ऐसे प्रयासों की जितनी सराहना की जाय वह कम है। आज के इस कार्यक्रम में जिस प्रकार विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर संवाद किया गया साथ ही शिक्षकों को भी इसके लिए सटीक मार्गदर्शन दिया गया वह अपने आप मे एक बेहतरीन प्रयास है। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों को पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा उनका अभिनंदन किया एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया। इस दौरान कार्यशाला में शिक्षकों ने बहुत से प्रकार की एक्टिविटी में भी सहभागिता निभाई। शिक्षकों के लिए विशेष प्रकार के आयोजन भी किये गए थे जिसमें कैसे हम शिक्षा के विस्तार के साथ ही क्लासरूम मैनेजमेंट व बच्चों को परीक्षा के समय उन्हें एकाग्र होकर शिक्षा ग्रहण करने में मदद मिल सके। कार्यशाला में आये सभी शिक्षकों ने कहा कि आज के कार्यशाला में हमें बहुत से चीजे सीखने को मिली है। इस कार्यशाला से हम जो भी अनुभव लेकर जा रहें हैं उसे हम जरूर अपने-अपने विद्यालयों में उसका पालन करेंगे। हम पंडरिया विधायक भावना बोहरा जी को भी साधुवाद देते हैं कि उनके द्वारा लगातार शिक्षा और शिक्षा से जुड़े हर सुविधाओ व हम सभी शिक्षकों के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

# पोड़ी व स.लोहारा में फिर पकड़ाएं संदिग्ध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में अब तक कुल 57 व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जा चुकी है। रविवार को चौकी पोड़ी और थाना लोहारा क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों पर कार्रवाई की गई। चौकी पोड़ी में 8 व्यक्तियों पर कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई एसडीओपी बोड़ला अखिलेश कौशिक और चौकी प्रभारी त्रिलोक प्रधान के नेतृत्व में की गई। वहीं थाना लोहारा में 10 व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की गई। कार्रवाई का नेतृत्व एसडीओपी लोहारा कृष्ण कुमार चंद्राकर और थाना प्रभारी लालमन साव ने किया। अब तक की कुल कार्रवाई में थाना कवर्धा और पंडरिया क्षेत्र में 39 व्यक्तियों और चौकी पोड़ी तथा थाना लोहारा क्षेत्र में 18 व्यक्तियों पर कार्रवाई की गई। इन सभी के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 128 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें दंडाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

कवर्धा फ्रैक्चर हॉस्पिटल & ट्रामा सेंटर
डॉ. सूर्यकांत भारती
( Senior Orthopedic surgeon )
डॉ. सईद अहमद
एम.डी. मेडिसीन (रायपुर)
अब आपके शहर में सोमवार
16 दिसम्बर से रोजना O.P.D. उपलब्ध।
24 घण्टे एम्बुलेंस की सुविधा
एण्डवांस पैथों लैब की सुविधा
CT Scan xry की सुविधा
आयुष्मान कार्ड द्वारा नि:शुल्क ईलाज
पता : बिलासपुर बायपास रोड, कवर्धा
जिला: कबीरधाम (छ.ग.)
अपॉइंटमेंट के लिए सपंर्क करें - 7987772650

### जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कवर्धा।** बिहान समूह की दीदियों ने संकल्प चक्र व सु-शासन दिवस मनाया। आयोजन का उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाने व शासन की योजनाओं की जानकारी देना था। समूह की महिलाओं ने एकजुट होकर संकल्प चक्र चलाया। सु-शासन की दिशा में अपने दायित्वों को निभाने का संकल्प लिया।

# पंडरिया वनांचल के बैगा आदिवासियों को वितरित किया गया कपड़ा, कंबल व चादर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया



पंडरिया विकासखण्ड के वनांचल में स्थित गांव महिड़बरा (बांधा टोला), घोघरा खुर्द व हाथीबुड़ान के जरूरतमंद बैगा आदिवासियों को गर्म कपड़ा, कंबल, चादर व बिस्किट वितरण किया गया। 79 वर्षीय श्याम बिहारी गुप्ता, उनके सुपुत्र शंकर गुप्ता व राम गुप्ता व मोहन राजपूत द्वारा कपड़ा वितरण किया गया। श्री गुप्ता द्वारा अनेक सामाजिक कार्यों में लगातार सहयोग प्रदान किया जाता है। मोहन राजपूत ने बताया कि वनांचल क्षेत्र में ठंड लगातार बढ़ते जा रही है। जिसे देखते नगर के वरिष्ठ नागरिक, समाज सेवी तथा दिव्या फोटो स्टूडियो के संचालक श्याम बिहारी ने 50 नग मोटा चादर वितरण के लिए प्रदान किया। इसके अलावा सुहानी कलेक्शन के संचालक जसपाल सिंह द्वारा 40 नग कंबल व 30 नग स्वेटर सहित गर्म कपड़े अपने पिताजी स्व. रवेल सिंह की स्मृति में प्रदान किया गया था। जिसको जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया गया। श्री राजपूत ने बताया कि प्रतिवर्ष नगर के अन्य व्यवसायियों द्वारा कपड़ा सहित अन्य सामग्री वनांचल क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों को दी जाती है।पिछले सप्ताह भी वनांचल गांवों के करीब 50 से अधिक परिवारों को 200 से अधिक कपड़े वितरित किये गए थे। वितरित किये गए कपड़ों में छोटे बच्चे, बड़ों के लिए पेंट,शर्ट, सहित महिलाओं के लिए कपड़े भी शामिल थे। कपड़े सहित अन्य सामग्री मिलने से बैगा आदिवासियों को ठंड के मौसम में बड़ी राहत मिलती है, वहीं उनका सहयोग भी हो जाता है। सभी लोगों को ऐसे कार्यों में सहयोग प्रदान करना चाहिए।कपड़ा वितरण के दौरान श्याम बिहारी गुप्ता, मोहन राजपूत, शंकर गुप्ता, गोपी सोनी, राम गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

### बैगा जनजाति से भी हैं जिला पंचायत सदस्य का दावेदार



**कवर्धा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बीच जिला पंचायत ,जनपद पंचायत, सरपंच और पंचों की चुनाव में अब चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है आए दिन जन- प्रतिनिधियों की दावेदारी सोशल मीडिया में देखने को मिलता है। इसी कड़ी में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 06 से मोती बैगा तरेगांव (जंगल) क्षेत्र में सभी जनताओं की सबसे पहली पसंद और चाहत बनी हुई है। मोती बैगा ग्राम जामपानी का रहने वाला है। मोती बैगा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का काफी करीबी माना जाता है। और मोती बैगा अभी वर्तमान समय में ग्राम पंचायत कुकरापानी सरपंच पति हैं और आदिम जाति बैगा समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष हैं और वे काफी सरल,सहज, मिलनसार , व्यक्तित्व के धनी हैं। और मोती बैगा का बैगा समाज में काफी पकड़ माना जाता है। इसलिए बैगा समाज उनकी कार्यशैली को देखकर जिला पंचायत सदस्य के रूप में देखना चाहते हैं और मोती क्षेत्रवासियों के दुःख -सुख सभी जगह तत्पर रहते हैं और कबीरधाम जिले में बैगा जनजातियों की जनसंख्या 55 हजार से 60 हजार के करीब हैं जो कि मोती बैगाओं का नेतृत्व करते हैं। इसलिए बैगा समाज मोती बैगा को जिला सदस्य उम्मीदवारी का आस लगाकर बैठे हुए हैं और क्षेत्र के विकास की उम्मीद कर रहे हैं और बैगा समाज गांव - गांव बैठक कर अपना सहमति दे रहे हैं और सभी बैगा समाज में हर्ष व्याप्त है।


### मतदाता सूची का किया गया अंतिम प्रकाशित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पण्डरिया

पंचायत चुनाव के लिए जनपद क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों में अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन गत शुक्रवार को किया गया। कबीरधाम जिले के विकासखण्ड पण्डरिया के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय में मतदाता सूची प्रकाशित कर दिया गया है। विकास खण्ड पण्डरिया के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर तरुण बघेल ने बताया कि निर्वाचन के लिए अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। ग्राम पंचायत मुख्यालय में मतदाता सूची का अवलोकन किया जा सकता है। इस संबंध में निर्वचन कार्य से जुड़े सभी अधकारी कर्मचारियो को संबंधित पंचायतो में अवलोकन कराने निर्देशित किया गया है

घर, खेत एवं प्लाट में पानी
जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130




हरिभूमि
रायपुर संस्करण के
२३वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई
हरिभूमि 23rd Years ANNIVERSARY
हरिभूमि 23rd Years ANNIVERSARY


हरिभूमि 23rd Years ANNIVERSARY


हरिभूमि
रायपुर संस्करण के
२३वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
हरिभूमि 23rd Years ANNIVERSARY
सचिन बघेल
अध्यक्ष, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक
राजनांदगांव (छ.ग.)


हरिभूमि
रायपुर संस्करण के
२३वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
हरिभूमि 23rd Years ANNIVERSARY
भागवत साहू
अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रा.)


हरिभूमि
रायपुर संस्करण के
२३वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
हरिभूमि 23rd Years ANNIVERSARY
भुनेश्वर बघेल
पूर्व विधायक, डोंगरगढ़


हरिभूमि
रायपुर संस्करण के
२३वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
हरिभूमि 23rd Years ANNIVERSARY
मोनू बहादुर सिंह
जिला अध्यक्ष, भाजयुमो
राजनांदगांव

## खबर संक्षेप



### जनसंपर्क के लिए विकास रथ रवाना

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन का एक सालः छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल अभियान के तहत कवर्धा जिले में विकास रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में यह रथ विकास और जनकल्याण का संदेश लेकर हाट-बाजार जनचौपालों के माध्यम से जनसंपर्क और संवाद स्थापित करेगा। उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक कार्यालय से रवाना हुए इस विकास रथ में एलईडी स्क्रीन लगाई गई है, जो मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों को प्रदर्शित करेगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, संतोष पटेल, कैलाश चंद्रवंशी, मनीराम साहू, नरेंद्र मानिकपुरी, ईश्वरी धुर्वे, गोरवर्धन साहू, नीतीश चंद्रवंशी, बिहारी धुर्वे और उपमुख्यमंत्री कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

### भूमिपूजनः ग्राम शीतलपानी में 21 लाख 59 हजार रुपए की लागत से बनेगा स्कूल भवन

# डिप्टी सीएम शर्मा के प्रयासों से स्कूल भवन की रखी गई नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶रेंगाखार

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निरंतर प्रयासों से कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की गति और तेजी आई है। आज ग्राम शीतलपानी में 21 लाख 59 हजार रुपए की लागत से एक नई माध्यमिक शाला भवन के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। इस मौके पर स्थानीय लोगों को एक और बेहतर शैक्षिक सुविधा मिलने की उम्मीद जगी है।भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद पंचायत बोड़ला, मंडल अध्यक्ष रेंगाखार कला, झलमला सोसायटी अध्यक्ष, ग्राम पंचायत शीतलपानी के सरपंच एवं भूतपूर्व सरपंच, मंडल महामंत्री, और अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी उपस्थित थे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शिक्षा का विकास किसी भी समाज की प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, और इस नए शाला भवन के निर्माण से शीतलपानी क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में वनाचल क्षेत्र ग्राम शीतलपानी में शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य, सड़क और अन्य बुनियादी ढांचे के विकास के लिए भी शीघ्र नए योजनाओं की शुरुआत की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं और क्षेत्र के समग्र विकास में अपना योगदान दें।

### क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम



उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है, जो शिक्षा, सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति लाने के लिए प्रतिबद्ध है, और यह योजना इसके अंतर्गत एक अहम कदम है।

### सरकार के प्रयासों की ग्रामीणों ने की सराहना

भूमि पूजन कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भी इस पहल को लेकर आभार व्यक्त किया और सरकार के प्रयासों की सराहना की। गांव के नागरिकों ने कहा कि यह शाला भवन बच्चों के लिए बेहतर अवसर प्रदान करेगा, जिससे भविष्य में उनकी शिक्षा और रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। उन्होंने उपमुख्यमंत्री और राज्य सरकार का धन्यवाद भी किया। इस अवसर पर उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी बात रखी और शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह की योजनाओं को लेकर सरकार के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि इस शाला भवन के बनने से शीतलपानी सहित आसपास के क्षेत्र के बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त होगी, जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल होगा।



## नेशनल लोक अदालत में मौके पर 20806 प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें राजीनामा योग्य मामलों की सुनवाई हुई और मौके पर ही न्यायालय ने फैसले सुनाए।

इस अवसर पर कुल 20806 प्रकरणों का निपटारा किया गया। इस दौरान पक्षकारों को पौधे भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। जिले में न्यायालयों के रखे गये कुल 20955 प्रकरणों में 20806 राजीनामा से निराकृत हुए। जिनमें न्यायालयों के लम्बित कुल 1332 मामले में से 1183 मामलों का निराकरण राजीनामा के माध्यम से हुआ जिसमें 5386115 रूपये के सेटलमेंट हुए। वहीं प्रीलिटिगेशन प्रकरण (मुकदमा पूर्व वाद) के 19623 मामले रखे गये जिसमें से 19623 समझौते के माध्यम से निराकृत किये गये जिसमें 167371254 रुपए इस तरह कुल 17 करोड़ 27 लाख 57 हजार 369 रूपये के सेटलमेंट हुए।

### एक-एक जज ने निराकृत किए सौ-सौ से अधिक मामले, लोगों को मिली बड़ी राहत

जिले में कुल 9 खण्डपीठ गठित की गई थी, जिसें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे, कुटुम्ब न्यायालय के न्यायाधीश लीलाधर सारथी, अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती योगिता विनय वासनिक, अपर सत्र न्यायाधीश श्रीनिवास तिवारी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पल्लव रघुवंशी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड सुबोध मिश्रा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पूजा मण्डावी।

# विधायक भावना बोहरा ने किया लाखों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

### क्षेत्र के लिए एक उम्मीद बनकर उभर रही हैं पंडरिया विधायक



- अमलीमालगी की महिलाओं ने कहा पहली बार देख रहे हैं अपने गांव में इतना विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

पंडरिया विधानसभा अंतर्गत ग्राम अमलीमालगी में रविवार को क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने अनेकों निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। पंडरिया विधायक श्रीमती बोहरा ग्राम अमलीमालगी में अपने तय समय के अनुसार कार्यक्रम में पहुंचीं। कल से विधानसभा का मानसून सत्र चालू हो रहा है जिसके मद्देनजर आस-पास ग्राम पंचायत के सरपंचों द्वारा भी अपने ग्राम के निर्माण कार्य का भूमिपूजन करने विधायक से आग्रह किया गया था।

जिसे सहजता से स्वीकार करते हुए सभी ग्राम पंचायतों के निर्माण का भूमिपूजन एक ही स्थान में किया गया। इसमें मुख्य रूप से मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत कोयलारी कला सीसी रोड निर्माण स्वीकृति राशि 5.20 लाख रूपए, प्रतापपुर नाली निर्माण स्वीकृति राशि 5.91 लाख रूपए, अमलीमालगी सीसी रोड निर्माण स्वीकृति राशि 5.20 लाख रूपए, कुआंमालगी सीसी रोड निर्माण स्वीकृति राशि 2.60 लाख रूपए, मोहतरा कला रंगमंच निर्माण स्वीकृति राशि 2.00 लाख रूपए, प्राणखेरा सीसी रोड निर्माण स्वीकृति राशि 5.20 लाख रूपए, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन निर्माण स्वीकृति राशि 22.00 लाख रूपए की लागत से होने वाले निर्माण कार्यों का भूमिपूजन विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा की जो काम पिछली सरकार ने पांच साल में नहीं किया हमने एक वर्ष में करके दिखाया है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार अपने वादों के मुताबिक हर कार्य को गारंटी के साथ पूरा कर रही है। कांग्रेस के कार्यकाल के दौरान गरीब, किसान, मजदूर को आवासहीन कर दिया गया था, लोग इस उम्मीद में की आवास का पैसा आने वाला है अपना घर तोड़कर इंतजार करते रहे मगर गरीबों को उनका छत नसीब नहीं हुआ। छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय की अगुवाई में बीजेपी की सरकार बनी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी ने तत्काल 18 लाख लोगों को उनका पक्का मकान दिया।

उन्होंने कहा कि आज छत्तीसगढ़ की महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत उनका अधिकार मिल रहा है। महिलाएं आज पूरी ताकत से आगे बढ़ रही हैं। मूलभूत आवश्यकताओं के लिए आज किसी के आगे हाथ फैलाने की आवश्यकता नहीं है। आगे अपने उद्बोधन में श्रीमती भावना बोहरा ने कहा की हमारी गारंटी की भी गारंटी है हम पूरी संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। विकास कार्यों को और तेजी मिलेगी। आने वाले वक्त में सभी मूलभूत आवश्यकताओं सहित स्वास्थ्य और शिक्षा पर भी निर्णायक कार्य होंगे। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सभी कार्यकर्ता एवं आस पास के गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# गौरकापा स्थित गौशाला में आयोग अध्यक्ष ने किया गौपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोदवागोड़ान

महर्षि दत्तात्रय जयंती के पावन अवसर पर अंचल के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल गौरकापा धाम स्थित श्री कृष्ण गोपाल गौशाला में गौपूजन का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस आयोजन में राज्य गौ सेवा आयोग के नव नियुक्त अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल विशेष रूप से उपस्थित हुए थे जिन्होंने गौ धाम के महंत विवेक गिरी के साथ गौवंश की विधिवत पूजा अर्चना और आरती वंदन किया।

श्री पटेल ने आश्रम परिसर में स्थित भगवान शिव, माता दुर्गा सहित श्रीराधाकृष्ण तथा शनिदेव के श्री चरणों में भी शीश नवाकर सर्व मंगल की कामना की। इस अवसर पर आयोजित अभिनंदन समारोह के दौरान जहां आश्रम परिवार की ओर से गौसेवा आयोग के अध्यक्ष का शाल श्रीफल देकर अभिनंदन किया गया वहीं श्री पटेल ने गौरकापा धाम के थानापति महंत स्वामी विवेकगिरी के चरणों में श्रद्धावनत होकर उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट किया। श्री पटेल ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा



कि प्रदेश की विष्णुदेव सरकार द्वारा आने वाले समय में गौमाता को प्रत्येक घर के लिए अनिवार्य बनाने की दृष्टि से नीतियां बनाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि सर्व प्रथम गौधन के महत्व को जन जन तक हृदयंगम कराना होगा। गौवंश का संरक्षण और संवर्धन जनभागीदारी से ही संभव है। इसके लिए पंचायत स्तर पर गोबर, गौमूत्र से बनाए जाने वाले उत्पादों और उसके फायदों को लेकर प्रशिक्षण शिविर लगाए जाएंगे। श्री पटेल ने गौरकापा मंदिर को एक प्रसिद्ध धार्मिक केंद्र के रूप में विकसित करने तथा यहां सैकड़ों की संख्या में गौपालन करते हुए आदर्श गौशाला संचालन करने के लिए महाराज विवेक गिरी को साधुवाद देते हुए भूरि भूरि प्रशंसा की। अपना आशीर्वचन देते हुए श्री महंत ने गौ सेवा के पुण्य और अपने जीवन में गौमाता की कृपा से हुए चमत्कारों के अनुभव साझा किए और कहा कि अगर हम अपने घर में गौमाता का पालन और उसकी सेवा करते हैं तो वात्सल्य मयी गौमाता हमें शारीरिक,मानसिक और आर्थिक के साथ साथ आध्यात्मिक उन्नति देती है। समारोह में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक ठाकुर भूपेंद्र सिंह, रविनंदन पाण्डेय, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष राजेंद्र साहू, पूर्व सरपंच कन्हैया यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शत्रुहन साहू, मुकेश सपरिया भागवत केसरवानी, रामकुमार क्षत्री, बृजेश केसरवानी, वेदराम साहू, सुनील ठाकुर, अभिषेक जायसवाल डिंडोरी, जितेंद्र सिंह, रामानुज ठाकुर, विशाल राज, चंद्रकिशोर प्रजापति, गोलू तिवारी के अलावा नंदकिशोर यादव, पशु चिकित्सा सेवाएं कबीरधाम के यूपीए संचालक डॉ. मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में आश्रम से जुड़े श्रद्धालुओं और गौभक्तों के अलावा साधु संत उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन पंडित रमाकांत शर्मा ने किया।

# धान खरीदी में अनियमितता, बिरौड़ा समिति के कम्प्यूटर ऑपरेटर को बर्खास्त करने की मांग

- भारतीय किसान संघ ने दी चक्काजाम की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

स. लोहारा तहसील अंतर्गत सेवा सहकारी समिति बिड़ौरा के कम्प्यूटर आपरेटर द्वारा की गई धान खरीदी में अनियमितता को लेकर भारतीय किसान संघ ने प्रशासन से कम्प्यूटर ऑपरेटर को तत्काल पद से बर्खास्त किए जाने की मांग की है। इस संबंध में भारतीय किसान संघ के मीडिया प्रभारी दिनेश चन्द्रवंशी ने बताया कि बिड़ौरा सेवा सहकारी समिति के कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा स्वयं के धान को बिना टोकन व



जांच करवाए धान खरीदी केंद्र बिरौड़ा में सुबह 6 बजे समिति को खुलवाकर फड़ में रखवा दिया था। जिसका वीडियो हाल ही में मौके पर उपस्थिति किसानो द्वारा सोशल मीडिया में वॉयरल किया गया था। श्री चन्द्रवंशी ने बताया कि कम्प्यूटर ऑपरेटर के इस कृत्य व अनियमितता के सामने आने के बाद उसके द्वारा फोन के माध्यम से लगातार संबंधित किसानो को डराया धमकाया जा रहा है। इतना ही नहीं उसके द्वारा भारतीय किसान संघ की महिला प्रमुख को भी चैलेंज किया गया है कि सोसायटी उनकी है और उनका कोई कुछ नही कर सकता। मेरी मर्जी में धान को कभी भी ला सकता हूं। इस प्रकार इस संबंध में भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों द्वारा प्रेसवार्ता के माध्यम से कहा है कि अगर शासन/प्रशासन द्वारा सोमवार तक आपरेटर द्वारपाल वर्मा को बर्खास्त नही किया तो भारतीय किसान संघ बिरौड़ा चौक में चक्काजाम किया जाएगा।

### सुशासन दिवस पर वन चौपाल एवं पौधारोपण एवं वितरण कार्यक्रम आयोजित



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन के सफलतापूर्वक एक वर्ष पूर्ण होने पर 09 दिसम्बर 2024 से 20 दिसम्बर 2024 तक कवर्धा वनमंडल अंतर्गत परिक्षेत्रों में विविध कार्यक्रम आयोजित कर शासन की योजनाओं एवं उपलब्धिओं के बारे में आम नागरिकों जानकारी प्रदाय किया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर जनप्रतिनिधिगण एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में एक पेड़ माँ के नाम योजना के तहत पौधा रोपण एवं वितरण किया गया। इसी कड़ी में कवर्धा वनमंडल अंतर्गत परिक्षेत्रों में वन चौपाल एवं पौधा रोपण एवं वितरण कार्यक्रम आयोजित कर 'सुशासन की एक वर्ष की उपलब्धि विषय पर जानकारी दी गयी। वन परिक्षेत्र सहसपुर लोहारा के सहसपुर वृत्त अंतर्गत वन प्रबंधन समिति सहसपुर, जुनवानी वृत्त अंतर्गत वन प्रबंधन समिति टाटावाही, पंडरिया पश्चिम परिक्षेत्र के वन प्रबंधन समिति भंगीटोला, देवानपटपर, छिन्दीडीह, तेलियापानी, भेलकी, वन परिक्षेत्र रेंगाखार के रेंगाखार वृत्त अंतर्गत वन प्रबंधन समिति रामपुर, खम्हरिया, तितरी आदि स्थानों में पौधा रोपण/वितरण एवं वन चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा वहां उपस्थित ग्रामीणों को शासन की योजनाओं एवं उपलब्धिओं के बारे में जानकारी प्रदाय की गयी। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, प.स. वृत्त प्रभारी, परिसर रक्षक एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### गुरुघासी दास जयंती की तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

सत्य के प्रेरक और छत्तीसगढ़ का प्रकाश गुरु घासीदास की जयंती पर शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में गुरु पर्व की तैयारियां सतनाम पंथ के अनुयायियों द्वारा शुरू कर दिए हैं।सतनाम पंथ समिति के अध्यक्ष विजय कोशले ने बताया कि सतनाम समाज द्वारा गुरुद्वारा, जैतखाम व आसपास की साफ सफाई के साथ पंथी नृत्य की तैयारी गुरुद्वारा परिसर पर किया जा रहा है। सतनाम समाज के लोगों द्वारा 18 से 31 दिसम्बर तक दिनभर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमे चौका मंगल आरती और पंथी नृत्य की धूम रहेगी। इनदिनों गांव में स्थित जैतखाम के आसपास रंगरोगन के साथ पंथी नृत्य जोर शोर से चल रहा है।गुरु घासीदास बाबा की जयंती को लेकर सतनामी समाज में खासा उत्साह है।

### जिले में इन दिनो पड़ रही है हड्डी गलादेने वाली कड़ाके की ठंड व शीतलहर

# कड़ाके की ठंड और खुला आसमान, पेट की खातिर बाल-बच्चों सहित खेतों में बसेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कहते है कि पेट की आग बड़ी जालिम होती है, जो न कराए वह थोड़ी है, पेट की ऐसी ही आग ने इन दिनो जिले में संचालित गुड़ फैक्ट्रियों में बाल-बच्चों सहित काम करने दूसरे राज्यों से पहुंचे मजदूरों को इस हड्डी गला देने वाली कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे बसेरा करने मजबूर कर दिया है। उल्लेखनीय है कि इन दिनो जिले के गांव-गांव में संचालित निजी गुड़ फैक्ट्रियों में गन्ना पेराई का काम जोरों से चल रहा है। बताया जाता है कि दर्जनो की संख्या में खेत, खलिहानो तथा सड़कों के किनारे संचालित इन गुड़ फैक्ट्रियों में काम करने दूसरे राज्यों से बड़ी संख्या में कई मजदूर अपने बाल-बच्चों के साथ पहुंचे हैं। जो पेट की



खातिर दिनभर गुड़ फैक्ट्रियों की आंच में तपते हैं और रात में खुले आसमान के नीचे पैरावट की झौपड़ी में कड़ाके की ठंड से बचने की जद्दोजहद में पूरी रात गुजार देते हैं। चर्चा के दौरान इन मजदूरों ने बताया कि उन्हें यहां काम तो मिल गया है लेकिन रहने का कोई ठिकाना नहीं है और फिर प्रायः सभी गुड़ फैक्ट्रियां भी अस्थाई रूप से खेत, खलिहानो तथा सड़कों के किनारे ही संचालित हो रहीं हैं। इस स्थिति में उन्हें आसपास के खाली पड़े खेतों में ही बसेरा करना पड़ रहा है। मजदूरों ने बताया कि उनके साथ उनका पूरा परिवार है जिसमें महिलाओं सहित छोटे-छोटे दुध मुंहे बच्चे भी शामिल हैं। वे दिनभर फैक्ट्रियों में काम करते हैं और रात गुजारने के लिए खेतों में ही बांस, बल्ली तथा पैरावट से बनाई गई झोपड़ियों में आराम करते हैं। लेकिन इन दिनों पड़ रही कड़ाके की ठंड, उस पर शीत लहर तथा खुला ईलाका होने के कारण खुले आसमान के नीचे इन काम चलाऊ झोपड़ियो में रात काटना बड़ा मुस्किल हो रहा है। जो अलाव का भी सहारा लिया जा रहा है। बहरहाल मजदूरों के इस कठिन परिश्रम और संघर्ष को देख यही कहा जा सकता है कि पेट की आग के आगे इन दिनो पड़ रही कड़ाके की ठंड में उन्हें कम लग रही है।

पृष्ठ 13 का शेष

### सोशल मीडिया में...

घर बसाने की बात कही गई। 11 जुलाई को प्रार्थिया के पास एक महिला द्वारा फोन कर बताया कि आलोक देशपांडे भारत में दिल्ली एयरपोर्ट में विदेशी मुद्रा के साथ आए हैं, उस मुद्रा को भारतीय मुद्रा में एक्सचेंज करने के लिए प्रक्रिया के तहत फीस जमा करनी होगी। उसी दौरान अज्ञात आरोपी आलोक देशपांडे ने भी प्रार्थिया को कॉल कर बोला कि पैसों की अर्जेन्ट जरूरत है। साथ ही लगातार इमोशनल ब्लेकमेलिंग कर विभिन्न बैंक खातों में कई किस्तों मे कुल 15,72,000 रुपए प्रार्थिया से डलवाकर ठगी कर लिया है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना डोंगरगांव में धारा 318 (4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

पुलिस ने दिल्ली में दी दबिश- इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने पत्रकारवार्ता में बताया कि विवेचना के दौरान सायबर सेल राजनांदगांव के माध्यम से उक्त शादी डाट काम की प्रोफाईल आईडी, मोबाइल धारक की पतासाजी किया गया। तकनीकी सहायता के माध्यम से आरोपी की पतासाजी किया गया। उक्त मोबाइल धारक का लोकेशन दिल्ली तिलक नगर होना पाया गया। थाना डोंगरगाव व साइबर सेल की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर दिल्ली के तिलकनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चौखंडी संतनगर एक्सटेंशन पर आरोपी के ठिकाने पर रेड कार्रवाई किया गया, जहां आरोपी किराये के मकान में रह रहा था। आरोपी जानसन सेमुअल 40 साल वर्तमान निवासी डब्ल्यूजेडजी-81 संत नगर एक्सटेंशन शाहपुरा थाना तिलक नगर नई दिल्ली स्थायी पता नाईजीरिया (जो दिल्ली आने से पूर्व नाईजीरिया में निवासरत था) को हिरासत मे लेकर पूछताछ किया गया।




रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक
22 दिसंबर 2024
12 जनवरी 2025
19 जनवरी 2025
16 फरवरी 2025
13 मार्च 2025
13 अप्रैल 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)